शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 97 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 03 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## सीबीआई ने संभाली नफे सिंह राठी हत्याकांड की जांच

**झज्जर**

सवा दो महीने पहले बहादुरगढ़ में बराही रेलवे फाटक के पास हुई इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रहे नफे सिंह राठी की हत्या के मामले की जांच की जिम्मेदारी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने संभाल ली है। घटना के दौरान नफे सिंह के साथ गाड़ी में मौजूद उनके कार्यकर्ता जयकिशन की भी हमलावरों की गोलियों से मौत हो गई थी। मामले की छानबीन को लेकर सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारी गुरुवार को बहादुरगढ़ में पहुंचे और हरियाणा पुलिस की एसआईटी से जानकारी ली। टीम के अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण भी किया। उनके साथ बहादुरगढ़ के कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी साथ रहे। सीबीआई के अधिकारियो ने स्व. नफे सिंह राठी के परिजनों से भी केस के बारे में जानकारी ली। फिलहाल सीबीआई ने घटना को लेकर केस दर्ज कर लिया है। शुक्रवार को केस की फाइल सीबीआई को हैंडओवर कर दी जाएगी। बता दें कि नफे सिंह राठी की 25 फरवरी की शाम 5 बराही फाटक के नजदीक नफे सिंह राठी और उनके समर्थक जयकिशन दलाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई थी। जबकि उनके भांजे संजय और गनमैन संजीत कबलाना गोलियां लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले में लाइनपार थाना पुलिस ने पूर्व विधायक नरेश कौशिक, नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी के पति रमेश राठी, सरोज के चचिया ससुर व पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी, कर्मवीर राठी के पुत्र कमल राठी, पूर्व मंत्री मांगेराम के पुत्र सतीश नंबरदार, उनके भतीजे राहुल और गौरव, नप के वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा, कांग्रेस नेता विजेंद्र राठी व उनके पुत्र संदीप राठी के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। केस को लेकर एसआईटी सभी से पूछताछ कर चुकी है।

## बंगाल के राज्यपाल पर महिला ने लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप, पुलिस में शिकायत दर्ज

**कोलकाता**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पश्चिम बंगाल के राजभवन में गुरुवार रात रुकने के कार्यक्रम हैं। इससे पहले राज्यपाल डॉक्टर सी.वी. आनंद बोस एक बड़े विवाद में फंस गए हैं।

# 'हिंदुओं की आस्था में भेद करने का कांग्रेस ने दुस्साहस किया'

## सुरेन्द्रनगर, जूनागढ़ और जामनगर में कांग्रेस पर प्रधानमंत्री ने किया हमला

**सुरेन्द्रनगर/जूनागढ़/जामनगर**

**गुजरात में** तूफानी चुनाव प्रचार करने निकले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरे दिन आणंद, सुरेन्द्रनगर, जूनागढ़ और जामनगर में चुनावी सभाएं की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर जमकर निशाना साधते हुए हिंदुओं के देवी-देवताओं में भेद करने पर आलोचना की। कांग्रेस पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया। साथ ही मोदी ने कहा कि कांग्रेस जब तक देश की सत्ता संभाल रही थी, देश की सुरक्षा व्यवस्था भी दांव पर थी। उन्होंने जामनगर में वहां के पूर्व महाराजा जामसाहब से मुलाकात की और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया सुरेन्द्र नगर की सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि गुजरात के लोगों जिन्होंने उन्हें जन्म दिया, जीवन दिया उनके समक्ष अपने 10 साल के काम का रिपोर्ट कार्ड लेकर आशीर्वाद लेने आया हूं। देश पहले लाखों करोड़ रुपये के घोटाले से शर्मसार था। कांग्रेस ने जल, थल, नभ में हजारों लाखों करोड़ रुपये के घोटाले किए थे। राम मंदिर के लोगों ने कांग्रेस के घर जाकर निमंत्रण दिया लेकिन उन्होंने निमंत्रण को ठुकरा दिया। कांग्रेस ने हिंदुओं की आस्था में भी भेद करने का दुस्साहस किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गंभीर विषय को छेड़ा है। उन्होंने भगवान राम और भगवान शिव के संबंध में खतरनाक बयान दिया है। यह खराब इरादे से दिया गया बयान है, हिंदू समाज को बांटने के लिए खेल खेला गया है। उन्हें राम भक्तों और शिव भक्तों में भेद दिखाई देता है, वे लड़ाना चाहते हैं।



**'हिंदुओं के देवी-देवताओं में भेद करने पर आलोचना की। कांग्रेस पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया। साथ ही मोदी ने कहा कि कांग्रेस जब तक देश की सत्ता संभाल रही थी, देश की सुरक्षा व्यवस्था भी दांव पर थी'**

### 'कांग्रेस के शहजादे ने शक्ति के विनाश करने को बात कही थी'



**पीएम मोदी** ने कहा कि हजारों हजार साल से चलती आ रही हमारी महान परंपरा में राम, कृष्ण, शिव हैं, इसे कोई तोड़ नहीं सका है। इस परंपरा को मुगल भी नहीं तोड़ पाए, उसे कांग्रेस तोड़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण के लिए कितना नीचे जाएगी। जो राम को खत्म करने को निकला था, उसका क्या हश्र हुआ था। कांग्रेस के शहजादे ने भी शक्ति के विनाश करने को बात कही थी। यह शक्ति स्वरूपा माता-बहनें बैठी हैं, हम शक्ति के उपासक हैं। हम अंबा, चामुण्डा, चोटिला के लोग उपासक हैं। कोई दुर्गा, काली, लक्ष्मी, सरस्वती की उपासना करते हैं। शक्ति की उपासना करने वाले हम लोग हैं, क्या हम शक्ति का विनास करने वालों, राम और शिव के बीच भेद करने वाले लोग को स्वीकार करेंगे। कांग्रेस हमेशा से रांग डिलिवरी वाली पार्टी है। देश को आजादी दिलानी थी, बंटवारा कर दिया। विकास करना था, देश को लूट लिया। अब एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण का हक धर्म के आधार पर मुसलमानों को डिलीवर करने की कोशिश कर रहे हैं। मोदी ने इस संबंध में कर्नाटक सरकार में मुसलमानों को ओबीसी में शामिल करने की बात बताई। मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप बताई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जूनागढ़ की सभा में कहा कि कांग्रेस के मन में गुजरात के प्रति नफरत है। अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो देश और गुजरात के लिए खतरनाक स्थिति पैदा हो सकती है।

## कांग्रेस जब तक सत्ता में रही, देश की सुरक्षा दांव पर लगी थी: मोदी



**देश** के आसपास 1300 से अधिक द्वीप है। इसमें कई द्वीप तो सिंगापुर से भी बड़े हैं। वे इन द्वीपों के विकसित करने का काम करेंगे। कांग्रेस का चलता तो वे हिमालय का भी सौदा कर सकते थे। मोदी ने कहा कि कांग्रेस जब तक सत्ता में रही, देश की सुरक्षा दांव पर लगी थी।

**पीएम ने जाम नगर के पूर्व महाराजा से की मुलाकात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गुरुवार को चौथी सभा जामनगर में हुई। यहां पीएम मोदी ने जाम नगर के पूर्व महाराजा जामसाहेब से मुलाकात की। सभा में इसका उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जामसाहेब ने उन्हें पगड़ी पहनाकर आशीर्वाद दिया है। उनके पगड़ी पहनाने के बाद कुछ बाकी नहीं रह जाता है। जाम साहेब का प्रेम उनके लिए महत्वपूर्ण है। जाम साहेब यदि विजयी भव कहते हैं तो विजय निश्चित हो जाती है। जामनगर के प्रदर्शन मैदान में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि रजवाड़ों ने बलिदान दिया है, इसे ध्यान में रखते हुए एक विशाल प्रदर्शनी बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति कुप्रचार से शुरू हुई कुंठा की राजनीति देश की प्रगति को लेकर कुंठा-नफरत कांग्रेस के दिल में भरी है।

विदेश में भी वे लोग जाकर देश और विकास के विरुद्ध बयान देते हैं। वहीं जामनगर के विकास कार्य की चर्चा करते हुए मोदी ने कहा कि जामनगर में ऐसा रेलवे स्टेशन बना है जिसे देखकर लोग हवाईअड्डा भूल जाते हैं। जामनगर के सभी क्षेत्रों में विकास हुआ है। कृषि के क्षेत्र में प्रगति हुई।

## 70 साल से सपा, बसपा, कांग्रेस ने राम मंदिर को लटकाकर रखे हुए थी: शाह



**बदायूं**

**गृहमंत्री अमित** शाह बदायूं में भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने गुरुवार को इस्लामिया इंटर कॉलेज पहुंचे। अमित शाह ने कहा कि 70 साल से सपा, बसपा, कांग्रेस राममंदिर को लटकाकर रखे हुए थी। आपने नरेंद्र मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया तो पांच साल में ही केस जीता और 22 तारीख को प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव, डिंपल यादव, राहुल बाबा और प्रियंका गांधी को भी निमंत्रण दिया था,लेकिन वह वोट बैंक के डर से नहीं गए। वह नहीं गए। सपा कांग्रेस अपने वोटबैंक से डरते हैं, उनको डरना है तो डरें । उनका डर उनको मुबारक। हम भाजपा वाले उस वोटबैंक से नहीं डरते हैं। हमने रामलला को उनके स्थान पर विराजा है। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर ही नहीं, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर को भी अब तरीके से बनवाया है महाकाल के दरबार को सजाया है। सोमनाथ मंदिर भी सोने का बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रद्धा के केंन्दों को हमेशा प्राथमिकता दी है। गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल की दादी इंदिरा गांधी कहकर गई थीं कि गरीबी हटाओ, लेकिन इन्होंने कुछ नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार बनने के बाद 80 करोड़ लोगों को पांच किलो राशन मुफ्त देने का काम मोदी ने किया।

## दो हजार रुपये के 97.76 फीसदी नोट बैंकिंग सिस्टम में आ गए वापस: आरबीआई



**नई दिल्ली**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने गुरुवार को कहा कि 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के 97.76 फीसदी नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं। रिजर्व बैंक ने बताया कि सिर्फ 7,961 करोड़ रुपये के नोट ही अभी जनता के पास है। हालांकि, 2000 रुपये मूल्य का नोट अभी वैध है। आरबीआई ने जारी एक बयान में कहा 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य वर्ग के नोट को वापस लेने की घोषणा के वक्त बाजार में मौजूद दो हजार रुपये के नोटों का मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। आरबीआई के मुताबिक 30 अप्रैल, 2024 को बाजार में सिर्फ 7,961 करोड़ रुपये के नोट मौजूद हैं। इस तरह 2000 रुपये मूल्य वर्ग के 97.76 फीसदी नोट बैंकिंग सिस्टम में वापस आ चुके हैं।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि 2000 रुपये मूल्य का नोट अभी वैध है। लोग देशभर में आरबीआई के 19 कार्यालयों पर दो हजार रुपये के नोट को जमा कर सकते हैं या उन्हें अन्य नोट से बदल सकते हैं। रिजर्व बैंक के मुताबिक जनता 2000 रुपये के नोट को भारतीय डाक के माध्यम से भी आरबीआई के किसी भी कार्यालय में भेजकर उनके बराबर मूल्य की राशि अपने बैंक खातों में जमा करा सकती है।

## करण भूषण सिंह कैसरगंज से लड़ेंगे लोकसभा चुनाव



## भाजपा ने रायबरेली से दिनेश प्रताप को दिया टिकट

**लखनऊ**

आखिरकार भारतीय जनता पार्टी को बृजभूषण सिंह की शरण लेनी ही पड़ी। भाजपा को कैसरगंज से बृजभूषण सिंह के विकल्प के तौर पर कोई प्रत्याशी नहीं मिला। आखिरकार भारतीय जनता पार्टी को बृजभूषण सिंह के बेटे करनभूषण सिंह को लोकसभा का टिकट देना पड़ा। गुरूवार को भाजपा केन्द्रीय कार्यालय से जारी सूची में करनभूषण सिंह को कैसरगंज से लोकसभा उम्मीदवार बनाये जाने की आधिकारिक घोषणा की गयी। करण भूषण सिंह 03 मई को कैसरगंज से नामांकन दाखिल करेंगे। उनके समर्थकों ने उनके नाम से चार सेट में पर्चा खरीद लिया है। पांचवे चरण के चुनाव के लिए नामांकन करने की अंतिम तिथि 03 मई है। इसलिए वह कल नामांकन करेंगे। कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगा था। इसके बाद भाजपा की देशभर में फजीहत भी हुई। इसके बाद से यह आशंका जताई जा रही थी कि बृजभूषण सिंह को भाजपा लोकसभा का टिकट नहीं देगी। बृजभूषण सिंह का कैसरगंज लोकसभा के साथ-साथ आसपास के जनपदों में भी प्रभाव है। वह गोण्डा से भी सांसद रह चुके हैं। उनके बड़े बेटे प्रतीक भूषण सिंह गोण्डा सदर विधानसभा से भाजपा के विधायक हैं। अब उनके छोटे बेटे करण भूषण सिंह को कैसरगंज से उम्मीदवार बनाया गया है। करण भूषण सिंह ने विदेश से पढ़ाई की है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया से बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई की है। वह डबल ट्रैप शूटिंग के नेशनल खिलाड़ी रह चुके हैं। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं।

## 'इंडिया ब्लॉक के सत्ता में आते ही 10 से 15 राज्यों में भाजपा सरकारें गिर जाएंगी'



**पणजी**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने गुरुवार को दावा किया कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में इंडिया ब्लॉक के सत्ता में आते ही 10 से 15 राज्यों में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारें गिर जाएंगी। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि दल-बदल पर प्रतिबंध लगाने और दल बदलने वालों को अयोग्य ठहराने के लिए इंडिया ब्लॉक संविधान की 10वीं अनुसूची में संशोधन करेगा। कांग्रेस नेता ने कहा, केंद्र में इंडिया ब्लॉक के सत्ता में आते ही कम से कम 10 से 15 राज्यों में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार गिर जाएगी। हम दलबदल पर प्रतिबंध लगाने के लिए संविधान की 10वीं अनुसूची में संशोधन करेंगे। जो कोई भी दल बदल कर एक दल से दूसरे दल में जाएगा, उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि 4 जून को नतीजे आने के बाद जुलाई तक ये सभी सरकारें गिर जाएंगी। उन्होंने कहा, भाजपा ने दलबदल कराकर पूरे देश में लोकतंत्र का मजाक उड़ाया है। जब अमित शाह एक चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए गोवा पहुंचते हैं, तो मीडिया को उनसे संविधान की 10वीं अनुसूची पर सवाल पूछना चाहिए। महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे कर्नाटक के भाजपा सांसद प्रज्वल रेवन्ना के मामले का जिक्र करते हुए, खेड़ा ने इसे "यौन शोषण का दुनिया का सबसे बड़ा मामला" बताया।

## संविधान पर भ्रामक भाषण पर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी की चुनाव आयुक्त से की शिकायत

**नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त से लोकसभा चुनावी रैलियों में संविधान को बदल डालने वाले दावे और एससी एसटी, ओबीसी आरक्षण को हटाने वाले भ्रामक भाषण देने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की शिकायत की है। गुरुवार शाम केन्द्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयोग को राहुल गांधी और कांग्रेस के नेताओं के ट्वीट के विवरण सहित ज्ञापन सौंपा। इस मौक पर प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी और ओम पाठक भी मौजूद थे। कांग्रेस चुनावों में लोगों को भ्रम में डालने के लिए गलत नैरेटिव का प्रचार कर रही है जो कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है।

# हमारे लिए सुरक्षा सबसे ऊपर, भरोसा रखें: कोवैक्सीन




**नई दिल्ली**

**एस्ट्राजेनेका** और कोविशील्ड जैसी कोरोना वैक्सीन के कथित साइड इफेक्ट जुड़ी खबरों के बीच हैदराबाद की टीका डेवलप करने वाली एक अन्य कंपनी भारत बायोटेक ने बयान जारी किया। कोवैक्सीन डेवलप करने वाली कंपनी भारत बायोटेक कहा कि उनके लिए नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। भारत बायोटेक ने कहा कि टीके से जुड़ी सभी आशंकाओं को खत्म करने और वैक्सीन के सुरक्षित इस्तेमाल को सुनिश्चित करने के हरसंभव प्रयास किए जाते हैं।

**टीका कितना प्रभावी? इससे पहले वैक्सीन कितना सुरक्षित यह जानना भी जरूरी**

भारत बायोटेक के मुताबिक टीके के दुष्प्रभावों की खबरों के बीच टीका विकसित करते समय उनका एकमात्र फोकस सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना रहा। कोवैक्सीन भारत सरकार की इकाई आईसीएमआर के साथ मिलकर विकसित की गई एकमात्र वैक्सीन है। इस तथ्य को रेखांकित करते हुए भारत बायोटेक ने कहा कि टीके के प्रभावी होने को लेकर भी परीक्षण किए गए। हालांकि, टीका कितना प्रभावी है, इसके बारे में सोचने से पहले हमने सुरक्षा का पहलू सबसे ऊपर रखा।

**कोवैक्सीन कितना सुरक्षित? गहन परीक्षण के बाद हुआ अंतिम फैसला**

गौरतलब है कि भारत में कोविशील्ड और कोवैक्सीन टीकों का ही बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। कोवैक्सीन बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने कहा, कोवैक्सीन का मूल्यांकन उसकी लाइसेंस प्रक्रिया के हिस्से के रूप में 27,000 से अधिक विषयों में किया गया। इसे क्लिनिकल ट्रायल मोड में प्रतिबंधित उपयोग के तहत लाइसेंस दिया गया था। लाखों विषयों के लिए विस्तृत सुरक्षा रिपोर्टिंग की गई थी। यही नहीं कोवैक्सीन की सुरक्षा का मूल्यांकन भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी किया था। कोवैक्सीन की निरंतर सुरक्षा निगरानी (फामाकोविजिलेंस) भी की गई। तमाम पैमानों पर आकलन के बाद कोवैक्सीन का सुरक्षा रिकॉर्ड उत्कृष्ट पाया गया। इस टीके के इस्तेमाल के बाद रक्त के थक्के, थ्रोम्बोसाइटोपेनिया, टीटीएस , वीआईटीटी, पेरीकार्डिटिस, मायोकार्डिटिस जैसी कोई भी टीका-संबंधी घटना नहीं हुई है।

**भारत में कहां से शुरू हुई वैक्सीन के साइड इफेक्ट की बातें**

गौरतलब है कि वैक्सीन बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटेन की अदालत में पहली बार माना है कि कोविड-19 की उसकी वैक्सीन से टीटीएस जैसे दुर्लभ साइड इफेक्ट हो सकते हैं। टीटीएस यानी थ्रोम्बोसइटोपेनिया सिंड्रोम शरीर में खून के थक्के जमने की वजह बनती है।

# मेजा ऊर्जा निगम ने स्मार्ट बिजनेस लॉबी का किया उदघाटन

**आवासीय परिसर में संचालित एसबीएल सर्वोत्तम बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में साबित होगा मील का पत्थर**

**बैंकिंग सेवा की शुरुआत से एमयूएनपीएल और बैंक के रिश्ते होंगे मजबूत : कमलेश सोनी**

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड (एमयूएनपीएल) ने देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक की स्मार्ट बिजनेस लॉबी (एसबीएल) का आवासीय सृजन विहार में उदघाटन किया । इस दौरान एमयूएनपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमलेश सोनी मुख्य वित्त अधिकारी अनिल परवाल व कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा बैंक अधिकारी भी मौजूद रहे। उदघाटन समारोह के इस अवसर पर बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख अनिल खुगशाल एवं क्लस्टर प्रमुख अखिलेश शुक्ला ने कहा कि यह एसबीएल, एमयूएनपीएल के आवासीय परिसर में सर्वोत्तम बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगा। इसी क्रम एमयूएनपीएल के सीईओ कमलेश सोनी ने कहा कि एचडीएफसी बैंक का कॉर्पोरेट बैंकिंग क्षेत्र में पहले से एमयूएनपीएल के साथ व्यावसायिक संबंध है। उन्होंने आगे कहा बैंक द्वारा स्थापित एचडीएफसी बैंक की स्मार्ट बिजनेस लॉबी का कंपनी के अधिकारियों और अन्य हितधारकों की व्यक्तिगत बैंकिंग आवश्यकता को पूरा करने की इस तरह की पहल से एमयूएनपीएल और बैंक के बीच गठबंधन मजबूत होगा। श्री सोनी ने कहा एमयूएनपीएल प्रदेश की अग्रणी विधुत उत्पादक संस्था है जिसके पास 1320 मेगावाट सुपर क्रिटिकल परिचालन में है और 5600 मेगावाट की विस्तार योजना है। शाखा प्रमुख अभिषेक सिंह और सर्कल प्रमुख प्रभात उपाध्याय ने इस एसबीएल में आने वाले ग्राहकों को विश्व स्तरीय सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंकों की प्रतिबद्धता व्यक्त की जिसका उद्देश्य एक ही छत के नीचे सभी बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है।

## दो शराबियों में चाकूबाजी एक की हालत नाजुक एक फरार

**मऊआइमा।** गुरुवार को शाम के समय हरखपुर चौराहे पर अंडा की दुकान लगाने वाले हीरालाल यादव 20वर्ष पुत्र हुबलाल और लालू प्रसाद यादव 32वर्ष पुत्र जेठू के बीच कहासुनी हुई। बताया गया है कि लालू प्रसाद यादव ने गालियां दी और मार पीट होने लगी।जिसपर हीरालाल यादव ने चाकू से लालू प्रसाद यादव पर प्रहार कर दिया। मामूली घाव होने के कारण लालू प्रसाद यादव भाग निकला। बताया गया है कि हीरालाल यादव ने अपने को ही चाकू मार ली। जिससे वह चौराहे पर तडपता रहा था।बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाजुक हालत में हीरालाल यादव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस फरार लालू प्रसाद यादव की तलाश में जुटी हुई है।इस घटना से हरखपुर चौराहे पर सनसनी फ़ैल गई है।

# चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में बोले केशव मौर्य - कांग्रेस को 2024 में नेता विपक्ष का पद भी मिलना मुश्किल

**प्रयागराज।** नामांकन के बाद सिविल लाइन स्थित होटल सी पी एस में फूलपुर लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति कोर कमेटी की हुई बैठक में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा बसपा कांग्रेस में भगदड़ है। विपक्ष भी चाहता है की नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें क्योंकि विपक्ष जानता है की उन्हें नहीं जीतना। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी का डंका पूरे देश दुनिया में बज रहा है। दोनो चरणों के मतदान से कार्यकर्ता उत्साहित हैं लेकिन अब आने वाले चरणों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का पूरा प्रयास करना होगा। प्रयागराज के ग्रामीण क्षेत्रों में लाभार्थियों के बीच पहुंच उनसे संपर्क कर मतदान के लिए उन्हें अधिक से अधिक संख्या में निकालना होगा। 2014 से 2024 तक प्रदेश व देश का सर्वांगीण विकास हुआ है। फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में कभी लुंगी वाले गुंडे घूमते थे आज बड़े बड़े अपराधी दुबके हुए हैं। कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की अम्मा है। 2024 में कांग्रेस की नेता विपक्ष का पद भी मिलना मुश्किल है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वाहन किया की मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को लेकर पूरी मेहनत से जुट जाएं क्योंकि देश के अंदर ही नहीं देश विरोधी ताकतें भी मोदी को हराने में लगी हैं। लेकिन ऐसी ताकतें कामयाब नहीं होंगी। इस दौरान महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, महापौर गणेश केशरवानी, लोकसभा प्रभारी बालेंदु मणि त्रिपाठी, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, फूलपुर लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण पटेल , कविता पटेल जिलाध्यक्ष गंगा पार, अनामिका चौधरी, अनिता त्रिपाठी, राजेश पटेल, संजय गुप्ता, प्रभा शंकर पांडेय, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्र, मीडिया प्रबंधन फूलपुर लोकसभा समिति उमेश तिवारी, आनंद वैश्य सुदर्शन, अर्चना शुक्ला, देवेश सिंह, राजेश गोंड, नटवर लाल, आदि उपस्थित रहे।



# प्रयागराज जंक्शन पर टिकिट चेकिंग अभियान 828 यात्री प्रभारित किए गए

**प्रयागराज।** रेल यात्रियों को सुरक्षित, सुखद और आरामदायक यात्रा के साथ बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रयागराज मंडल टिकिट रहित और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए स्टेशनों व ट्रेनों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाता रहता है। दिनांक 01.05.2024 को मंडल रेल प्रबन्धक/कोचिंग/प्रयागराज, श्री हिमांशु बडोनी एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/प्रयागराज, श्री हिमांशु शुक्ला के निर्देशानुसार सहायक मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, श्री दिनेश कुमार के नेतृत्व में प्रयागराज प्रयागराज जंक्शन पर चलाये गए टिकिट चेकिंग अभियान में मुख्य टिकिट निरीक्षक/रेड, श्री दिवाकर शुक्ला ने वाणिज्य टीम, रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस के साथ मिलकर कार्य किया। इस अभियान में 22 गाड़ियों की सघन चेकिंग की गयी। प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन पर सुबह 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक चलाये गए चेकिंग अभियान में कुल 828 यात्रियों को प्रभारित कर 5,75,140/- रुपये वसूल किए गए। इनमें से 332 यात्रियों को बिना टिकट पकड़कर 3,17,560/- रुपये वसूल किए गए, 495 यात्रियों को अनियमित यात्रा में पकड़कर 2,55,530/- रुपये वसूल किए गए, बिना बुक किए गए समान वाले 1 यात्री को प्रभारित कर 2050/- रुपये वसूल किए गए। उत्तर मध्य रेलवे अपने सभी सम्मानित रेल यात्रियों से अपील करता है कि असुविधा से बचने और सम्मान के साथ यात्रा करने के लिए उचित और वैध रेलवे टिकट के साथ यात्रा करें।



## डीजे संचालक के मकान में लगी भीषण आग

**हनुमानगंज।** सरायइनायत इलाके के हनुमानगंज बाजार में बृहस्पतिवार को सुबह बिजली के शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। बाजार वासियों ने दमकल विभाग को सूचना देने के बाद पानी डाल कर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। बाजार निवासी मोहम्मद अनवर ऊर्फ बिजली मास्टर डीजे संचालक हैं। बृहस्पतिवार को सुबह करीब आठ बजे उनके मकान में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। बाजार वासियों ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को देने के बाद पानी डाल कर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। ग्रामीणों ने काफी मसक्कत कर दो घंटे बाद आग पर काबू पाया। तब तक लाखों का सामान जलकर राख हो गया। दमकल की गाड़ी समय से नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों में काफी आक्रोश था। आग बुझने के बाद दमकल की गाड़ी पहुंची।

# कोर्ट में मारपीट करने वाले दो अधिवक्ता रंगदारी मांगने में भी नामजद, माफिया अतीक का है करीबी भुट्टू

**प्रयागराज।** अली अहमद पुत्र महताब ग्राम बक्शी मोढ़ा थाना करेली का रहने वाला है। उसने पुलिस को बताया कि उसकी पुश्तैनी जमीन बक्शी मोढ़ा में है, जिस पर अधिवक्ता मो.आसिफ निवासी ग्राम बक्शी मोढ़ा, भुट्टू उर्फ आमिर व उसका भांजा शाहिद एडवोकेट निवासी बेली गांव और रणविजय सिंह एडवोकेट निवासी कालिन्दिपुरम की निगाह है। कोर्ट रूम में वादकारियों से मारपीट के आरोपी दो अधिवक्ताओं समेत छह पर 15 लाख रंगदारी मांगने में एक और केस दर्ज हुआ है। करेली निवासी किसान का आरोप है कि रणविजय सिंह और मोहम्मद आसिफ ने अपने चार अन्य साथियों संग कार में खींचकर उससे 15 लाख रंगदारी मांगी और आठ हजार नकद भी ले लिए। पुश्तैनी जमीन बेचने को राजी ना होने पर मारापीटा और जान बचाकर भागने पर फायरिंग की। उसकी तहरीर पर दोनों अधिवक्ताओं समेत चार नामजद व दो अज्ञात पर एफआईआर दर्ज की गई है।अली अहमद पुत्र महताब ग्राम बक्शी मोढ़ा थाना करेली का रहने वाला है। उसने पुलिस को बताया कि उसकी पुश्तैनी जमीन बक्शी मोढ़ा में है, जिस पर अधिवक्ता मो.आसिफ निवासी ग्राम बक्शी मोढ़ा, भुट्टू उर्फ आमिर व उसका भांजा शाहिद एडवोकेट निवासी बेली गांव और रणविजय सिंह एडवोकेट निवासी कालिन्दिपुरम की निगाह है। आरोप है कि उक्त संपत्ति को हड़पने की नीयत से उसे लगातार धमकी दी जा रही थी। 10 अप्रैल को सुबह 8:30 बजे वीरमपुर मदरसे के मोड़ पर आरोपियों ने चारपहिया वाहन से आकर उसे घेर लिया। गाड़ी से छह लोग उतरे। इनमें से रणविजय सिंह के हाथ में तमंचा था और बाकी लोग हाथ में डंडे लिए थे।गाड़ी से उतरने के साथ ही आसिफ, भुट्टू व शाहिद ने उसे पकड़ लिया और रणविजय ने तमंचा अड़ाकर कहा कि जमीन क्यों नहीं देता। उसने पुश्तैनी जमीन बेचने से इन्कार किया तो इतने में सभी उसे पीटते हुए गाड़ी में खींच ले गए। इसके बाद गाड़ी के अंदर आसिफ ने सादे स्टाम्प पर जबरन अंगूठा लगवा लिया और कहने लगा कि अगर जमीन नही देनी तो अभी 15 लाख रंगदारी दो। उसने घबराकर अपने पास पड़े आठ हजार रुपये दिए तो सभी उसे पीटने लगे। यही नहीं, पीटते-पीटते गाड़ी से उतार लिया।आरोप यह भी है कि वह किसी तरह जान बचाकर भागा तो रणविजय सिंह ने तमंचे से गोली चलाई जो उसके कान के बगल से निकल गई। इसके बाद वह मदरसे की तरफ जान बचा कर भाग गया। डरा सहमा होने के कारण ही वह तहरीर नहीं दे सका था। परिवारवालों के हिम्मत दिलाने के कारण अब प्रार्थना पत्र दे रहा है। करेली थाना प्रभारी अमरनाथ राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मोहम्मद आसिफ, रणविजय सिंह, शाहिद व भुट्टू उर्फ़ आमिर को नामजद किया गया है, जबकि दो अज्ञात आरोपी भी बनाए गए हैं। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच-पड़ताल की जा रही है।

### अतीक का करीबी है भुट्टू

बेली गांव निवासी भुट्टू अतीक का करीबी है। 2020 में माफिया के खिलाफ चले अभियान के दौरान प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने कछार में अवैध तरीके से बने उसके तीन मंजिला लॉज को भी बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया था। पिछले दिनों बेली कछार में अवैध तरीके से जमीनों पर कब्जा कर प्लाटिंग करने के मामले में भी उसका नाम चर्चा में आया था। इसी साल रंगदारी मांगने और मारपीट करने के मामले में उसे गिरफ्तार भी किया गया था। साथ ही तत्कालीन कैंट इंस्पेक्टर ने गैंगस्टर एक्ट के तहत उसकी लग्जरी कार कुर्क करने के लिए अनुमति भी मांगी थी।

## अरैल क्षेत्र में सांसद प्रत्याशी के लिए किया जनसंपर्क



**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में जनसंपर्क किए भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रयागराज उपाध्यक्ष पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव रवि सिंह पप्पू पूर्व बीडीसी सदस्य के नेतृत्व में पूरे क्षेत्र में जनसंपर्क करके भाजपा प्रत्याशी पंडित नीरज त्रिपाठी को विजई बनाने की अपील किया और भरोसा दिलाया गया कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के द्वारा गरीबों का हित का कार्य बराबर चलता रहेगा पंडित नीरज त्रिपाठी के सांसद बनने से क्षेत्र का विकास होगा गरीबों का भला होगा व्यापारियों का भला होगा प्रधानमंत्री के द्वारा मुक्त राशन का वितरण किया जा रहा है स्वास्थ्य बीमा कार्ड प्रधानमंत्री की देन है जो गरीबों के इलाज के लिए सरकार के द्वारा 5 लाख का अनुदान दिया जाता है गरीब भाइयों को सरकारी कॉलोनी का पैसा मिल रहा है क्षेत्र में मोदी सरकार योगी सरकार के उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी गई इस अवसर पर। वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील शुक्ला ध्रुव तिवारी महेश वर्मा राम जी श्रीवास्तव डॉक्टर सुभाष कुशवाहा राजू शुक्ला पंडित दामोदर प्रसाद तिवारी पहलाद तिवारी लव कुश पांडे मनोज तिवारी बाबूजी यादव राणा श्रीवास्तव भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पूर्व प्रोफ़ेसर बलराज मधोक की मनाई गई पुन्य तिथि

**सहसों।** अखिल भारतीय जनसंघ के तत्वाधान में गुरुवार को गंगापार के सहसों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संस्थापक तथा पूर्व राज्यसभा सांसद प्रोफेसर बलराज मधोक की पुण्यतिथि बहुत ही श्रद्धा भाव से कार्यकर्ताओं द्वारा मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कुलदीप पांडेय प्रदेश अध्यक्ष जनसंघ ने पूर्व सांसद प्रोफेसर की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से कहा कि तुष्टीकरण और जातिवाद के इस दौर में आज राजनैतिक दलों में सुचिता अपने अस्तित्व की अंतिम सांसे ले रही है। जिसे जनसंघ के सभी कायकर्ताओ को अपनी समय रूपी ऑक्सीजन देकर बचाना है। उन्होंने कहा कि देश की जनता आज नए विकल्प की तलाश कर रही है। इसका विकल्प जनसंघ के अलावा कोई और नहीं हो सकता। नही तो जैसे आज एक पूर्व प्रधानमंत्री के पौत्र द्वारा किया गया रेप को सुनकर भारत देश स्तब्ध हैं ऐसे अनेकों अपराधियों पर लगाम लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने जल्द ही शीर्ष अदालत से आवश्यक कार्यवाही करके दोषी को फांसी दिए जाने की मांग भी की। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में जनसंघ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मंत्री अमरीश तिवारी ने कहा कि राष्ट्र एवं समाज के हित को ध्यान में रखते हुए धर्म युद्ध में अपना बलिदान करना पड़े तो करें किंतु देश विरोधी ताकतों को पनपने नहीं देना है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री शीतला प्रसाद, युवा संघ के जिला अध्यक्ष मनीष तिवारी, प्रमोद वार्ष्णेय, नितिन केसरवानी, विवेक कुमार वर्मा, राहुल गुप्ता, सुमित वैश्य, प्रभात सोनकर, शांतनु , राजन, आदित्य, दीपक, रिंकू, टोनू, शशिकांत, रूपेश, प्रदीप, पंकज सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दम्पति के बीच झगडे में बीच बचाव पर भाई और भाभी को पीटा

**मऊआइमा।** दम्पत्ति के बीच झगडे में बीच बचाव करने पर पत्नी के भाई और भाभी को पीटा गया। महिला ने अपने पति और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर निवासी शिवकुमारी पत्नी महेंद्र कुमार का आरोप है कि पति उसे अनायास मारते पीटते हैं।इसी के बाबत उसके भाई विजय कुमार और भाभी उर्मिला समझाने आए थे। जिसपर दम्पत्ति भिड गए।बीच बचाव पर शिवकुमारी के भाई और भाभी को पीटा गया।शिव कुमारी ने मऊआइमा थाने में अपने पति महेंद्र कुमार,ससुर राम-लखन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## पुलिस की मिली भगत से सार्वजनिक मार्ग पर कब्जा कराने का आरोप

**मऊआइमा।** क्षेत्र के बेलखारिया (जोगीपुर) में चकमार्ग पर एक पक्ष द्वारा पुलिस की मिली भगत से कब्जा किए जाने का आरोप लगाया जा रहा है।तथा एक पक्ष को शांतिभंग करने का भी आरोप है। मऊ आइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बेलखारिया का पूरा मजरा जोगीपुर निवासी राजेंद्र कुमार पासी पुत्र जंग बहादुर का आरोप है कि पुलिस की मिली भगत से गांव के उनके उनके विपक्षियों द्वारा सार्वजनिक चक मार्ग पर निर्माण किया जा रहा था । विरोध करने पर गाली गुप्ता देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया गया । राजेन्द्र कुमार का कहना है कि थाने में तहरीर देने पहुंचा तो पुलिस ने जांच का हवाला देते उसे बैठा लिया । जबकि कल्याणपुर चौकी में इसके पूर्व में दो बार शिकायत किया ।लेकिन पुलिस ने एक पक्षीय शांति भंग की कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक मार्ग न होने की बात कहती है। जबकि ग्राम प्रधान का कहना है सार्वजनिक मार्ग है कई बार मना भी किया गया।

# सच्चे लगन और कठिन परिश्रम से ही सफलता संभव : इंद्रनाथ

**करछना।** गुरुवार को करछना तहसील के अंतर्गत मोती लाल नेहरू इंटर कॉलेज कौंधियारा में मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त चौदह हाईस्कूल एवं आठ इंटर के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक इंद्रनाथ मिश्रा रहे।अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा की बच्चों ने अपने परिश्रम से उच्च अंक प्राप्त किए हैं तथा वह और अधिक परिश्रम करके जीवन में आगे सफलता का मार्ग प्रशस्त करें।हाईस्कूल के बच्चों को स्टेशनरी किट तथा मेडल प्रदान किया गया तथा इंटर में उत्कृष्ट अंक प्राप्त बच्चों को सामान्य ज्ञान की पुस्तक और पदक से सम्मानित किया गया।ललऊ प्रसाद चौबे,सतीश मिश्र, प्रदीप सिंह प्रधानाचार्य, संतोष कुमार शुक्ला, अविनाश द्विवेदी, शिव सागर ओझा, कमलेश शुक्ला, आशीष त्रिपाठी,चंद्र विजय, शिवराज यादव, अनुपम कुमार, सुनीता मिश्रा, स्वाति प्रजापति, फौजिया प्रवीन, सोनी राय, रन्नू देवी तिवारी सहित बड़ी संख्या में विद्यालय के शिक्षक छात्र तथा अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनुज कुमार पाण्डेय ने किया।सम्मानित होने वाले कक्षा बारह के छात्रों में प्रिया यादव, अतुल तिवारी,अंकित पाल,रोहित पाल, रिया मिश्रा,शालिनी शुक्ला, कुलदीप बिन्द, अंचल सोनकर एवं कक्षा दशवीं के अभिषेक कुमार ओझा, खुशी शुक्ला प्रतीक ओझा,प्राची ओझा, सुहानी पांडे, सौरभ कुशवाहा, शालिनी ओझा, मोहिनी पाठक, यश ओझा मान्सी सिंह,विशेष मिश्रा, शिल्पा,आकांक्षा शुक्ला तथा रिंकी यादव रहे।




## न्यूज झरोखा

### भाजपा प्रत्याशी डॉ विनोद बिंद ने किया जनसंपर्क बोले अबकी बार 400 पार



**प्रतापपुर।** एनडीए गठबंधन से भदोही लोकसभा प्रत्याशी डॉ विनोद कुमार बिंद द्वारा गुरुवार को प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के मुहिद्दिनपुर, छतौना, बाबूपुर बेलों, बरेस्ता, खानपुर डांडी, उग्रसेनपुर, पिड़ौना, उदगी, बसनेहटा, देवली, दलपतपुर, हिरामनपुर, करुआडीह, मिर्जापुर, भीमपुर, प्रतापपुर आदि स्थानों पर भ्रमण करते हुए जनसंपर्क किया गया ।मुहिद्दिनपुर में कार्यक्रम को संबोधित करते हुये डॉ विनोद बिंद ने कहा कि केन्द्र और उत्तर प्रदेश की डबल इंजन की सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास हेतु समर्पित है लोगों को योजनाओं की जानकारी होने के साथ ही इसका लाभ भी पहुंच रहा है सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों से आम जनमानस को लाभ मिल रहा है लोकसभा चुनाव में सभी का सहयोग मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अबकी बार 400 सीट हम लोग जीतकर सरकार बनाने जा रहे हैं आप सभी लोग इस पुनीत कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करें और देश प्रदेश की उन्नति अनवरत होती रहे यही दृढ़ संकल्प हम लोगों को लेकर आगामी 25 मई को भारतीय जनता पार्टी को मतदान करें और अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करें ।कार्यक्रम स्थल मुहिद्दीनपुर खुतहना में देवेन्द्र सिंह जिला बलोपासना प्रमुख के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा चुनाव प्रभारी प्रतापपुर इंद्र कुमार सिंह, किशन पाठक विहिप मंत्री, मनोज आचार्य, धीरज महाराज विहिप, बृजेश यादव बजरंग दल संयोजक, सुधांशु सहसंयोजक, धीरज सोनी सहसंयोजक बजरंग दल, कमलाशंकर पांडेय मंडल अध्यक्ष, आशुतोष त्रिपाठी, सभाजीत मिश्रा, राजकुमार पटेल, विमलेश पटेल, हिमांशु यादव, दिव्यांशु यादव, आशीष पटेल, सुरेन्द्र यादव, शनि विश्वकर्मा, पंकज प्रजापति एवं तमाम मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

### पुआल में रहस्यमय ढंग से आग लगने से चालक ने डाला पलट कर पानी से ट्रैक्टर को बचाया



**मऊआइमा।** ट्रैक्टर पर लदे पुआल में रहस्यमय ढंग से आग लगने से चालक की होशियारी से ट्रैक्टर तो बच गया जबकि पुआल जलकर नष्ट हो गया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम खानपुर में एक ट्रैक्टर चालक पुआल लाद कर कहीं जा रहा था।बताते हैं कि रहस्यमय ढंग से पुआल में आग लगाने से वह तेजी से जलने लगा। बताया गया है कि ट्रैक्टर चालक ने पुआल लदे डाला को पल्ट दिया। जिससे सारा पुआल सड़क पर गिर पडा। ग्रामीणों ने आग पर पानी डाल का बुझाया। जिससे ट्रैक्टर जलने से बाल बाल बच गया।

### अपोलो टायर्स कम्पनी में 13 छात्रों का चयन

**प्रधानाचार्य डा. अरूण कुमार सिंह ने चयनित छात्रों को दी बधाई**

**मांडा।** लाल बहादुर शास्त्री पालीटेक्निक गिरधरपुर, मांडा प्रयागराज के तृतीय वर्ष के मेकैनिकल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट का अयोजन किया गया। वहीं अपोलो टायर्स कंपनी बड़ोदरा,गुजरात के एचआर द्वारा विभिन्न चयन प्रक्रिया के माध्यम से लाल बहादुर शास्त्री पालीटेक्निक के कुल 13 छात्रों में आनन्द प्रताप सिंह, विवेक कुमार, सब्बीर आलम, महेन्द्र चन्द्र गुप्ता, आर्यन केशरी, दुर्गेश कुमार विश्वकर्मा, मनीष कुमार, अनुराग कुमार, त्रिदेव पाण्डेय, रजनीश बघेल, अभिषेक यादव, धर्मेन्द्र कुमार यादव, लवकुश कुमार मिश्रा को चयनित किया गया। पालीटेक्निक कालेज के प्रधानाचार्य डा. अरुण कुमार सिंह ने समस्त चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भगवान का प्राकट्य होते ही पूरा पंडाल भगवान के जयकारों से गूंज उठा

**सहसों।** क्षेत्र के सोपराबारी गांव में सप्त दिवसीय चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवे दिन कथा व्यास आचार्य श्याम सुंदर महाराज ने भगवान श्री राम का जन्मोत्सव एवं भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का सुंदर प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सभी सनातनी को प्रभु के दिव्य स्वरूप को धारण कर जन्म-जन्मान्तर के कष्ट एवं पाप से मुक्त हो। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्री राम एवं श्री कृष्ण का अवतार धर्म की रक्षा एवं ऋषि मुनियों एवं भक्त की रक्षा के लिए हुआ। उन्होंने कहा जब-जब भी धरती पर पाप एवं राक्षसों का अत्याचार बढ़ा है तब तब प्रभु प्रकट होकर सभी भक्तों एवं ऋषि मुनियों की रक्षा की है। प्रभु के प्राकट्य पर उपस्थित महिलाओं ने मंगल गीत गाकर पुष्प वर्षा की तथा भगवान की आरती उतारी। भगवत कथा बताती है कि हर व्यक्ति को समर्पित भाव से प्रभु की पूजा अर्चना अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने कहा सच्ची लगन श्रद्धा एवं आस्था के साथ प्रभु का चिंतन ही भक्ति व मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। सभी को समय निकालकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान बद्रीनाथ शुक्ला एवं शैल कुमारी सहित अन्य भक्तों ने व्यासपीठ, भागवत भगवान एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर गणेश शुक्ला, राजेंद्र शुक्ला,वीरेंद्र शुक्ला, शत्रुघ्न शुक्ला ,राघवेंद्र कुमार, राजकुमार शुक्ल सहित भारी संख्या में भक्त कथा का रसपान करते उपस्थित रहे।



## श्रीमद्भागवत : जगत गुरु रामानंदाचार्य ने सुनाई अजामिल ब्रहमासुर चरित्र व नृसिंह वतार की कथा

**मेजा।** क्षेत्र के कुशलपुर ऊँचडीह गांव निवासी पंडित ब्रह्मदीन त्रिपाठी के आवास पर आज से सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन की कथा में मुख्य कथा वाचक अंतराष्टीय कथा व्यास जगत गुरु रामानंदाचार्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री श्री बल्लभाचार्य महाराज के द्वारा आजमिल भ्रह्मासुर चरित्र एवं नृसिंह वतार की कथा सुनाई गई। इस दौरान सुंदर मनोहारी व आकर्षक झांकियां भी निकाली गई। कथा के मुख्य यजमान पंडित ब्रह्मदीन त्रिपाठी पत्नी श्रीमती अनारकली और ब्रह्म नारायण त्रिपाठी पत्नी श्रीमती हीरावती रही। मुख्य श्रोता के रूप में पंडित हरिकृष्ण त्रिपाठी पत्नी श्रीमती मंजू त्रिपाठी उत्तम पांडेय राहुल शुक्ला दिनेश तिवारी तथा विनय शुक्ला रहे। उल्लेखनीय है कि त्रिपाठी बंधु परिवार के श्री राम कृष्ण त्रिपाठी ने बताया कि उक्त कथा बुधवार को शुरु हुई जिसका समापन देर शाम तक हुआ। अगले दिन की कथा 3 मई को गजेन्द्र मोक्ष समुद्र मंथन रामावतार एवं कृष्ण जन्मोत्सव पर आधारित होगी। उन्होंने यह भी बताया कि कथा प्रति दिन भागवत मूल पारायण सुबह 7 बजे से 11 बजे तक और शांम 4 बजे से 7 बजे रात तक होगी । इसके अतिरिक्त क्षेत्र के मशहूर भजन गायक तिवारी बंधुओ के द्वारा भजन का भी आयोजन कथा के अंत होने तक जारी रहेगा। श्री त्रिपाठी ने क्षेत्र के लोगों से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में कथा में पधार कर कथा को श्रवण करें और अपने जीवन को धन्य बनाएं।

# 76 की उम्र में साइकिल से लोगों में मतदान करने की अलख जगाने निकले पद्मश्री प्रोफेसर किरण सेठ

अखंड भारत संदेश

## नैनी के दिल्ली पब्लिक स्कूल में पहुँचे तो उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया







**नैनी।** नैनी के दिल्ली पब्लिक स्कूल में पहुँचे तो उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। स्पिक मैके के संस्थापक पद्मश्री पुरस्कार विजेता प्रो. किरण सेठ 76 वर्ष की उम्र में भी लोगों को शास्त्रीय संगीत, संस्कृति, स्वास्थ्य के साथ ही मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसके लिए वह इन दिनों साइकिल से जम्मू कश्मीर से कन्या कुमारी तक की साइकिल यात्रा पर निकले हैं। गुरुवार को वह नैनी के देवरख स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में पहुँचे तो उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। संस्थान की अध्यक्ष सोनू सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. सुजाता सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। प्रो. किरण सेठ ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज दिखावा बहुत हो रहा है। बच्चों में एकाग्रता और धैर्यता एकदम खतम होती जा रही है। बच्चों के भविष्य के लिए यह बहुत जरूरी है। हमने टीचर का स्थान जरूर ले लिया लेकिन गुरु का स्थान नहीं ले पा रहे हैं। कश्मीर से कन्याकुमारी तक साइकिल चलाकर महात्मा गांधी के सादा जीवन और उच्च विचार के संदेश का प्रचार कर रहे प्रो. सेठ ने अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ वातावरण के लिए साइकिल चलाने मतदाता जागरूकता जल के महत्व और संरक्षित करने लिए सुझाव दिये। उन्होंने वर्तमान परिस्थिति के अनुसार जीवन शैली में बदलाव करने के अनेकों प्रामाणिक सुझाव बताते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों को संगीत का महत्व जीवन में सफल होने के गुण आदि पर गहन चर्चा की। स्पिक मैके को एक जन आंदोलन के रूप में सभी वर्ग के लोगो को शिक्षित, सदाचारी जीवन और मानव मूल्यों के महत्व पर पद्म किरण सेठ ने अपना वक्तव्य दिया। इस अवसर पर स्पिक मौके प्रयागराज संयोजक मधु शुक्ला भी मौजूद रहीं।

## अमान्य विद्यालयों में ना कराएं अपने बच्चों का नामांकन : डॉ प्रभा शंकर पांडेय

**प्रयागराज।** खण्ड शिक्षा अधिकारी धनूपुर डॉक्टर प्रभा शंकर पांडेय ने ब्लॉक संसाधन केंद्र धनूपुर में विकासखंड के सभी प्रधानाध्यापको एवं नोडल शिक्षक संकुलो की समीक्षा बैठक में यह कहा कि पूर्व शैक्षणिक सत्र में बंद कराए गए अमान्य विद्यालय किसी भी कीमत पर दोबारा संचालित नहीं होना चाहिए इसके लिए न्याय पंचायत स्तर पर नोडल शिक्षण संकुल की जिम्मेदारी तय की जाती है। यदि कोई सूचना संचालन के संबंध में मिले तो तत्काल बिना किसी देरी के खंड शिक्षा अधिकारी को देना सुनिश्चित करें। इसके लिए एक अभियान भी खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा चलाया जा चुका है। ग्राम पंचायतों के सभी अभिभावकों में यह संदेश प्रचारित एवं प्रसारित करें कि अपने-अपने बच्चों का नामांकन सिर्फ परिषदीय विद्यालयों, मान्यता प्राप्त,एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में कराना सुनिश्चित करें। किसी भी कीमत पर अमान्य विद्यालयों में अपने बच्चों का दाखिला न कराएं। क्योंकि प्रत्येक बच्चों हेतु शासन स्तर पर एक पेन नंबर आवंटित किया जाता है यदि बच्चो का नामांकन अमान्य विद्यालय में इनका करते हैं तो पेन नंबर उनका आवंटित नहीं होगा । यही पेन नंबर प्राथमिक विद्यालयों से लेकर उच्च शिक्षा तक बच्चों के अग्रिम शिक्षा में दर्ज किया जाएगा अंत में उन्होंने अभिभावकों से अपील भी किया कि वह विकासखंड पर कोई भी अमान्य विद्यालयो में अपने बच्चों का नामांकन न कराएं।

## हाईकोर्ट समाचार



### कोर्ट में सरकार की सफाई.. 1.49 लाख लगाएंगे पौधे

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में जनहित याचिका पर हुई सुनवाई, कोर्ट ने शासन से फिर मांगी विस्तृत रिपोर्ट

**प्रयागराज।** प्रयागराज में महाकुंभ 2025 को लेकर सड़कों के चौड़ीकरण करने में काटे जा रहे पेड़ों को रोकने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर आज प्रदेश सरकार की तरफ से इलाहाबाद हाईकोर्ट को बताया गया कि जितने भी पेड़ काटे जाएंगे उसका 10 गुना पौधारोपण का काम सरकार द्वारा किया जाएगा। सरकार की तरफ से बताया गया कि महाकुंभ-2025 को लेकर प्रयागराज शहर में 1.49 पौधे लगाने की योजना है। यह काम वन विभाग की तरफ से होना है और इसके लिए कुंभ के बजट में प्रावधान किया गया है।

**हाईकोर्ट में कल फिर होगी सुनवाई :** इस जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार से इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। कोर्ट ने जानना चाहा है कि सरकार एवं उसके विभागों की क्या योजना है क्या पेड़ों को बचाने की कोई योजना है? हाईकोर्ट इस मामले पर पुनः शुक्रवार को सुनवाई करेगी।यह आदेश चीफ जस्टिस अरुण भंसाली एवं जस्टिस विकास ने बुधवार की खंडपीठ ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव नितिन शर्मा की तरफ से दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद पारित किया।

**विकास के नाम पर पेड़ों को काटना गलत :** याचिका पर बहस करते हुए कोर्ट को बताया गया कि प्रयागराज में कुंभ के नाम पर शहर में सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। चौड़ीकरण के नाम पर 50 साल के पुराने घने वृक्षों को काटा जा रहा है। वृक्षों को काटने से गर्मी के मौसम लोगों के स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा तथा आक्सीजन की कमी होगी। कहा गया कि विकास के नाम पर पेड़ों की कटाई गलत है। कहा गया है कि सरकार को पेड़ों को अगर काटना बहुत जरूरी है तो उसे वहां से हटाकर पास में ही कही स्थापित करें। परंतु ऐसा न करना हाईकोर्ट द्वारा पारित पूर्व आदेशों की अवहेलना है।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**प्रयागराज।** कमिश्नरेट कोर्ट प्रयागराज में गुंडा एक्ट के मामलों में कार्रवाई में तेजी के बाद अब लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रेड कार्ड जारी होने लगे हैं। चुनाव शांतिपूर्ण हो, गुंडा एक्ट के आरोपित खलल डालने की साजिश न रच सकें, ऐसे में सभी को कमिश्नरेट की ओर से रेड कार्ड जारी किया जा रहा है।कुल 2100 रेड कार्ड जारी होने हैं। इसमें 1150 रेड कार्ड गुंड एक्ट के आरोपियों को पहुंचा दिए गए।शेष रेड कार्ड तेजी से पहुंचाए जा रहे हैं। गुंडा एक्ट के आरोपियों के बाद यह रेड कार्ड उन्हें भी भेजा जाएगा जिन्हें कमिश्नरेट कोर्ट की तरफ से गुंडा एक्ट कार्रवाई की नोटिस जारी की गई है ताकि वह भी किसी भी अप्रिय घटनाओं से दूर रहें। चुनाव तक यह सिलसिला चलता रहेगा।

**गुंडा वाला रेड कार्ड :** रेड कार्ड लाल रंग की नोटिस है। यह एक तरह का प्रोफार्मा है जिसे भरना होगा। ऊपर लिखा है कार्यालय पुलिस उपायुक्त नगर, कमिश्नरेट प्रयागराज। इसके बाद पत्रांक संख्या आदि हैं। नीचे प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष का कॉलम है। नीचे जिस शख्स को रेड कार्ड जारी हो रहा है उसका डिटेल भरा जा रहा है।नाम, पता, थाना, कार्रवाई, मुकदमों का विवरण है। इसके बाद लिखा है कि निष्पक्ष, पारदर्शी, घटनारहित लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर रेड कार्ड। इस रेड कार्ड की प्रतिलिपि संबंधित थाने, एसीपी, डीसीपी और पुलिस कमिश्नर को भी भेजी जा रही है।

**गुंडा एक्ट की 498 फाइलों का अवलोकन :** पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने 3 साल से गुंडा एक्ट की उन 498 फाइलों को स्पष्ट आदेश के साथ थानों को लौटा दिया जो अब तक डीएम कार्यालय में दबी रह गईं थीं। तीन सालों से रुकी इन 498 चालानी रिपोर्ट की वर्तमान आख्या मांगी गई है। सीपी ने निर्देश दिया है कि मौजूदा वक्त में आरोपियों की जानकारी होनी चाहिए। कौन कहां, किन परिस्थितियों में है, आपराधिक गतिविधियां क्या हैं, समाज में इनका मौजूदा क्रिया कलाप क्या है, यह जांच रिपोर्ट के साथ फाइलों का अग्रिम कार्रवाई के लिए पेश करें। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर ने शनिवार को पुलिसकर्मियों के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया।

**प्रयागराज में 3800 पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई :** प्रयागराज के शहर और देहात के थानों के आरोपियों के खिलाफ करीब 3800 गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। इसमें से बहुत सारी फाइलें 2016 से लंबित थीं। दबी फाइलों को निकाल आख्या मांगने के साथ गुंडा एक्ट लगाया गया। इससे प्रयागराज में खलबली है।

## अमरनाथ सिंह मौर्य 4 मई को करेंगे नामांकन

**प्रयागराज।** लोकसभा क्षेत्र फूलपुर से इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य आगामी 4 मई 2024को नामांकन करेंगे। उक्त जानकारी सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन ने संयुक्त रूप से दी है। नेता द्वय ने कहा है कि चुनाव आचार संहिता का पूरी तरह से पालन किया जायेगा। सपा के जिला मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर के अनुसार अमरनाथ मौर्य 4 मई को सुबह 10 बजे अपने आवास प्रीतम नगर से निकलकर हाईकोर्ट चौराहे स्थित संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगे तत्पश्चात पीडी पार्क स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन करने के बाद सीधे जिला कचहरी मे पहुंचकर अपना नामांकन करेंगे।नामांकन के बाद पार्टी कार्यालय जार्ज टाउन मे कार्यकर्ताओं से मुलाक़ात करेंगे।

# नीरज और प्रवीण दोनों बैंक के कर्जदार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद और फूलपुर संसदीय सीट के दोनों बीजेपी प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी और प्रवीण पटेल दोनों बैंक के कर्जदार बने हुए हैं। इलाहाबाद के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के पास करीब 29 करोड़ की चल और अचल संपत्ति है जबकि फूलपुर के प्रत्याशी प्रवीण पटेल के 50 करोड़ से अधिक की संपत्ति है। नीरज पर बैंक का 30 लाख से ज्यादा कर्ज भी है। जबकि प्रवीण पटेल 74 लाख से ज्यादा के कर्जदार हैं।दोनों ही प्रत्याशियों ने बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है, इसमें दिए गए शपथ पत्र में दोनों प्रत्याशियों ने अपनी प्रापर्टी की डिटेल दी है। जिसमें यह भी स्पष्ट है कि दोनों की पत्नियां बिजनेस करती हैं और करोड़ों की मालकिन हैं।नीरज की पत्नी कविता यादव त्रिपाठी की बात की जाए तो भी राजनीति में हैं और भाजपा में ही महिला मोर्चा में वह प्रदेश मंत्री हैं।

## दोनों बीजेपी प्रत्याशियों की पत्नियां करती हैं बिजनेस, करोड़ों की मालकिन

### नीरज के पास दो, प्रवीण के पास एक लाइसेंसी असलहा

नीरज त्रिपाठी पूर्व राज्यपाल पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी के बेटे हैं और अपर महाधिवक्ता का पद छोड़कर राजनीति में आए हैं। नीरज के पास 2010 में खरीदी गई करीब एक लाख कीमत की पिस्टल और 2021 में ली गई 72 हजार की रिपीटर बंदूक है।प्रवीण पटेल के पास भी डेढ़ लाख रुपए की एक रिवाल्वर है। इसके अलावा 16 लाख रुपए की ज्वैलरी के अलावा फॉर्च्यूनर , स्कार्पियो और इनोवा गाड़ी भी है। जबकि नीरज के पास जीप कंपास और एमजी ग्लोस्टर लग्जरी गाड़ियां भी हैं। नीरज का लोहिया मार्ग पर स्थित बंगला है जिसकी वर्तमान कीमत करीब 24 करोड़ उन्होंने बताई है।

### कविता के पास 6 करोड़ से ज्यादा के जेवरात

कविता यादव त्रिपाठी गहनों की शौकीन हैं तभी तो उनके पास 6 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत के जेवरात भी हैं जिसमें 5.65 करोड़ के सोने व 41.55 लाख कीमत के हीरे के गहने हैं। इसके बावजूद कविता करीब 24 लाख रुपए की कर्जदार बनी हुई हैं। इनके नाम जीरो रोड में गैस एजेंसी, करछना में गैस गोदाम और थरवई में एक पेट्रोल पंप भी है जिसकी मालकिन कविता हैं। इनके नाम दो गैस टैंकर और एक ट्रक भी है। यह महंगे मोबाइल व स्मार्टवाच की भी शौकीन हैं, 1.40 लाख रुपए का आईफोन है जबकि 50 हजार रुपए कीमत का एप्पल का स्मार्टवाच पहनती है।

### गोल्डी सिंह 10 करोड़ से ज्यादा की मालकिन

प्रवीण पटेल की पत्नी गोल्डी सिंह भी बिजनेस करती हैं। उनके शपथ पत्र के मुताबिक, वह 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की मालकिन हैं। यह कृषि और पेट्रोल पंप संभालती हैं। इनके नाम से महेंद्र प्रताप सिंह एंड संस पेट्रोल पंप, श्रीराम ब्रिक फील्ड जोधे पुरवा कानपुर, जया ब्रिक फील्ड जरकलां कानपुर और डायमंड ब्रिक फील्ड शिवपुरी सरसौल फतेहपुर के नाम से ईंट भट्ठा भी है।

# आज से नहीं बनेंगे आय जाति, निवास प्रमाण पत्र

**सोरांव।** जनपद प्रयागराज के सभी तहसीलों में शुक्रवार से आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र पर क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा आख्या रिपोर्ट नहीं लगाई जाएगी। इसकी जानकारी उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ प्रयागराज जिला अध्यक्ष राजकुमार सागर व जिलामंत्री अवनीश पांडे ने पत्र जारी करके दी है। शासन द्वारा 2022 से आय, जाति और निवास के प्रत्येक प्रमाण पत्र पर शासन द्वारा 5 रुपए मानदेय के रूप में निर्धारित किया गया है। जिसको लेकर पिछले 2 वर्षो से शासन द्वारा पैसा नहीं मिला है। जिसको लेकर शुक्रवार से प्रयागराज के सभी तहसीलों में लेखपाल आय जाति और निवास प्रमाण पत्रों पर आख्या रिपोर्ट नहीं लगायेंगे। इस बाबत उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ जिला अध्यक्ष प्रयागराज राज कुमार सागर और जिला मंत्री अवनीश कुमार पांडे के संयुक्त हस्ताक्षर युक्त एक पत्र के माध्यम से जानकारी मिली कि पिछले लगभग 2 सालों से प्रमाण पत्रों पर सतत व समय से लेखपालों द्वारा आख्या रिपोर्ट लगाई जा रही है। जिससे आवेदकों को समस्याओं का सामना न करना पड़े। लेखपाल शासन की मंशा के अनुसार नियम,कानून तथा पारदर्शिता पूर्वक अपने कार्य को करते हैं। लेकिन शासन द्वारा निर्धारित मानदेय न मिलने के कारण बहुत से लेखपालों के सामने आर्थिक समस्या है। लेखपाल के पास क्षेत्र के काम का बोझ ज्यादा रहता है। अपना कीमती समय निकाल करके संबंधित प्रमाण पत्र जारी करने में पूरी सावधानी बरतता है। तथा अपना ऑन लाइन कार्य अपने निजी खर्चे पर कर रहा है। लेकिन काम के बदले शासन द्वारा निर्धारित शुल्क नहीं मिल पा रहा है। जिससे लेखपालों ने बैठक करके आक्रोश जाहिर किए। तथा यह भी कहे कि जब तक शासन से बकाया मानदेय नहीं मिल जाता तब तक प्रमाण पत्रों पर आख्या रिपोर्ट नहीं लगाई जाएगी। इस ऑन लाइन बैठक में लेखपाल रीना सरोज, सतेंद्र भुर्तिया,दिनेश पटेल, अरुण सरोज, अनिल सरोज, दिलीप रंजन,इंद्रजीत पटेल,मनोज तिवारी, नंत लाल सरोज,प्रदीप यादव,रमेश पटेल,संजय चौरसिया संग सैकड़ो लेखपाल रहे।

## दिल्ली, मुंबई, बिहार रूट पर चलीं स्पेशल ट्रेनें

**प्रयागराज।** भीषण गर्मी में ट्रेनों में भीड़ भी बढ़ती जा रही है। करीब करीब हर रूट पर ऐसा ही हाल है। दिल्ली, मुंबई, बिहार आदि रूटों की ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट है। ऐसे में रेलवे समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन बढ़ा रहा है। रेलवे ने यात्रियों को राहत देने के लिए दिल्ली आनंद विहार, गया, मुंबई, पटना, जयनगर, उधना आदि के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किय है। तीन मई से लेकर पूरे मई महीने तक यात्रियों को राहत देंगी। प्रयागराज से दिल्ली की राह आसान करने को स्पेशल ट्रेन 03636 आनंद विहार से दो मई से एक जुलाई तक संचालित होगी। इसी प्रकार छपरा से पनवेल के बीच गाड़ी नंबर 05193 का संचालन दो मई से 27 जून तक होगा। पनवेल से गाड़ी नंबर 05194 28 जून तक रहेगा। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के रूटों पर यात्रियों की भीड़ देखते हुए 102 स्पेशल ट्रेनें दौड़ने लगी हैं। इन ट्रेनों में आसानी से मिल जाएगा रिजर्वेशन ट्रेन नंबर 09040 जयनगर-उज्जैन ट्रेन नंबर 03639 गया-आनंद विहार ट्रेन नंबर 03640 आनंद विहार-गया ट्रेन नंबर 03653 गया-आनंद विहार ट्रेन नंबर 03654 आनंद विहार-गया ट्रेन नंबर 09093 मुंबई सेंट्रल-पटना ट्रेन नंबर 09094 पटना-मुंबई सेंट्रल ट्रेन नंबर 09002 जयनगर-उधना ट्रेन नंबर 09067 उधना-भागलपुर ट्रेन नंबर 09068 भागलपुर-दाहोद ट्रेन नंबर 09073 बांद्रा-पटना ट्रेन नंबर 09074 पटना-उज्जैन।

# महाकुंभ के पहले ध्वस्त नहीं होगा हाईकोर्ट पानी टंकी का जर्जर आरओबी, प्रमुख अभियंता ने किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता और विभागाध्यक्ष विनोद कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार को हाईकोर्ट पानी की टंकी के पास लीडर रोड पर बने रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का निरीक्षण किया। जर्जर हो चुके इस पर पुलिस पीडब्लूडी ने 12 फरवरी 2024 से आवागमन बंद करवा दिया है। गार्डर लगाकर बड़े वाहनों को रोक दिया गया है। इस जर्जर पुल पर सिर्फ बाइक और साइकिल के अलावा पैदल चलने वालों को छूट दी गई है। करीब पचास साल पुराना यह रेलवे ओवरब्रिज काफी हद तक जर्जर हो चुका है। इसको देखते हुए कुंभ 2019 के मद्देनजर इसके बराबर एक दूसरा पुल बनाया गया था। इसके बाद एक पुल जाने के लिए और दूसरा पुल आने के लिए इस्तेमाल किया जाता था। पुराने पुल की हालत को जर्जर देखते हुए और जान माल का नुकसान न हो इसके लिए इस पर बड़े वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया है।

### प्रमुख अभियंता बोले- जनहानि रोकना पहली प्राथमिकता

दर्जन भर से अधिक अधिकारियों के साथ पहुंचे प्रमुख अभियांता एवं विभागाध्यक्ष वीके श्रीवास्तव ने करीब घंटे भर निरीक्षण कर पुल का जायजा लिया। इस दौरान अमर उजाला से बातचीत करते हुए प्रमुख अभियंता ने कहा कि विभाग की पहली प्राथमिकता लोगों के जान की सुरक्षा है। पुल से किसी तरह के जान माल का नुकसान न हो इसके लिए फिलहाल बड़े वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया है।उन्होंने कहा कि रही बात आरओबी को ध्वस्त करने की तो इसे महाकुंभ के पहले गिराने की कोई योजना नहीं है। विभाग अब पुल की मरम्मत की संभावना तलाश कर रहा है। इसके लिएनरीक्षण किया जा रहा है। इसके बाद प्लान तैयार कर इसको मरम्मत कराने पर विचार किया जाएगा। फिलहाल आरओबी बहुत पुराना है और काफी हद तक जर्जर भी हो चुका है। किस तरह से इसे बिना ध्वस्त किए मजबूती प्रदान की जाए इस पर अमल किया जा रहा है।

# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने संभाला पदभार

अखंड भारत संदेश

## एल्डर कमेटी की मौजूदगी में लाइब्रेरी हाल में आयोजित आम सभा में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**प्रयागराज** ।हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को लाइब्रेरी हॉल में संपन्न हुआ। इस मौके पर एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता टीपी सिंह की अध्यक्षता में वीके सिंह, वीपी श्रीवास्तव, सीएल पांडेय, मुख्य चुनाव अधिकारी वीएम जैदी, आरसी सिंह, विनोद कांत श्रीवास्तव, वशिष्ठ तिवारी, प्रभाकर अवस्थी एवं चंदन शर्मा आदि मौजूद रहे।

**पदाधिकारियों ने ली शपथ :** शपथ लेने वालों में अनिल तिवारी अध्यक्ष विक्रान्त पाण्डेय महासचिव राजेश खरे वरिष्ठ उपाध्यक्ष अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी, अखिलेश कुमार मिश्र, सुभाष चन्द्र यादव, नीरज त्रिपाठी, नीलम शुक्ला उपाध्यक्ष, सुमित कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव प्रशासन, अभिजीत कुमार पाण्डेय संयुक्त सचिव लाइब्रेरी, पुनीत कुमार शुक्ला संयुक्त सचिव प्रेस, आंचल ओझा संयुक्त सचिव महिला, रणविजय सिंह कोषाध्यक्ष, उदिशा त्रिपाठी, मनीषा सिंह, किरन सिंह अभिषेक मिश्र, अवधेश कुमार मिश्र, अभिषेक तिवारी,सच्चिदानन्द यादव, दिनेश यादव, रत्नेश कुमार पाठक, राजेश शुक्ला, सर्वेश्वर लाल श्रीवास्तव, वेद प्रकाश ओझा, बलदेव शुक्ला, अमरनाथ त्रिपाठी एवं ब्रजेश कुमार सिंह सेंगर व कार्यकारिणी सदस्य शामिल रहे। यह जानकारी संयुक्त सचिव प्रेस पुनीत कुमार शुक्ला ने दी।

# सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी एवं सर्वश्रेष्ठ अनुभाग पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

अखंड भारत संदेश

## श्री सुभाष, सामान्य सहायक बने कार्मिक विभाग के मई माह के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी



**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे, कार्मिक विभाग, मुख्यालय प्रयागराज में दिनाँक 02-05-2024 को मई माह का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी एवं सर्वश्रेष्ठ अनुभाग पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अनुराग त्रिपाठी उपस्थित रहे। पुरस्कार समारोह में मई माह के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का पुरस्कार प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रकोष्ठ में कार्यरत श्री सुभाष, सामान्य सहायक, कार्मिक विभाग, प्रधान कार्यालय को उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रदान किया गया क इनके द्वारा प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी के कक्ष, प्रकोष्ठ, सभा कक्ष/पुस्तकालय एवं कोरिडोर में होने वाली प्रतिदिन की साफ-सफाई का कार्य अत्यंत प्रभावी ढंग से करवाया जाता है क इसके फलस्वरूप प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी के कक्ष, प्रकोष्ठ, सभा कक्ष/पुस्तकालय एवं कोरिडोर हर समय साफ-सुथरा रहता है क इसके अतिरिक्त इनकी भूमिका कार्मिक विभाग के सभा कक्ष में स्थापित पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों एवं खेल उपकरणों के रख-रखाव में भी अत्यंत सराहनीय है क इनके कार्यों के कारण कार्मिक विभाग की सराहना उत्तर मध्य रेलवे में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों तथा आगंतुकों द्वारा की जा रही है। इसी कड़ी में मई माह के सर्वश्रेष्ठ अनुभाग का पुरस्कार भंडार अनुभाग, कार्मिक विभाग, मुख्यालय को प्रदान किया गया क इस अनुभाग के कार्यालय अधीक्षक श्री संजीत नीरज एवं उनके सहकर्मियों को यह पुरस्कार विगत समय में बहुत ही कार्यकुशलता से साथ विभिन्न कार्य को करते हुए सभी कार्यो के उत्कृष्ठ निष्पादन हेतु प्रदान किया गया क इस अनुभाग द्वारा नान-स्टाक एवं स्टाक सामग्रियों की आपूर्ति निश्चित समय पर कराना, विभिन्न बिलों का निपटान ससमय करते हुए सम्बंधित फर्म का भुगतान भी सुनिश्चित किया गया है क इसके साथ ही व्हीकल हायरिंग के कार्य को समय समाप्त होने से पूर्व ही नया कॉन्ट्रैक्ट सुनिश्चित करना, अधिकारियों/कर्मचारियों के मांग को यथासंभव पूर्ति करना तथा ढ़ठट मीटिंग एवं विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्बंधित सामग्रियों को गुणवत्ता के साथ आपूर्ति करने का कार्य किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन कार्मिक विभाग, मुख्यालय के सभी कर्मचारियों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं जिज्ञासा को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया । इस दौरान कार्मिक विभाग,मुख्यालय के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## शिक्षा अधिकारी की पत्नी का फंदे से लटकता मिला शव, छानबीन में जुटी पुलिस

**प्रयागराज।** शहर के मुट्ठीगंज इलाके में उप खंड शिक्षा अधिकारी की पत्नी का शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा न खुलने पर परिजन परेशान हो गए। कमरे में झांककर देखा गया तो शव फंदे से लटक रहा था। सूचना पाकर पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गई। शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा है।मुट्ठीगंज में कल्लू कचौड़ी चौराहे के पास रहने वाले अमरदीप जायसवाल जौनपुर जिले में बतौर उपखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर तैनात हैं। उनका परिवार मुट्ठीगंज में ही रहता है। परिवार में उनकी पत्नी आंचल, दो बच्चे और माता-पिता हैं। उनकी पत्नी आंचल जायसवाल (43) का शव गुरुवार को सुबह कमरे में फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम सा मच गया। पुलिस ने पहुंचकर कमरे का दरवाजा किसी तरह खोलकर शव को नीचे उतरवाया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए।

# छात्र-छात्रओं को मतदान और यातायात संबंधित नियमों के प्रति जागरूक किया गया



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में छात्र-छात्रओं को मतदान और यातायात संबंधित नियमों के प्रति जागरूक किया गया। महाविद्यालय के प्रचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश ने विद्यार्थियों को यातायात संबंधित विभिन्न प्रकार के नियमों की जानकारी दी तथा यह भी बताया कि उनके इन नियमों के पालन से उनके परिवार समाज व राष्ट्र की रक्षा होती है।साथ ही प्रचार्य ने छ'त्रों को सड़क सुरक्षा शपथ भी दिलाई। क्लब के संयोजक डॉ रामकुमार सिंह छात्रों को ट्रैफ़िक्र संबंधित नियमो को आचरन में ले आने की सलाह दी। छ'त्रों ने सड़क सुरक्षा संबंध नियमों का पालन की शपथ ली और समाज को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ रफत अनीस व डॉ सुरेश पटेल ने छात्रो को मतदान करने और संयम पूर्व वाहन चलाने हेतु प्रेरित किया।

# जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरु

### मास्टर ट्रेनर द्वारा किया गया प्रशिक्षित

**अखंड भारत संदेश**



दो दिवसीय प्रशिक्षण में बोलते अधिकारी।

**प्रतापगढ़।** जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट आयोग की दिशा निर्देश के क्रम में मतदान के दिन अपने सेक्टर के पोलिंग स्टेशनों का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण करें। निर्वाचन की आप एक महत्वपूर्ण कड़ी है आपकी एक छोटी सी गलती बड़ा परिणाम दे सकती है। यह बातें मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने प्रशिक्षण के दौरान कही।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहारा के नेतृत्व में दो पालियों में जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की प्रशिक्षण कार्यशाला अफीम कोठी सभागार में प्रारम्भ हुई। प्रशिक्षण कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए नवनीत सेहरा, मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण बहुत महत्वपूर्ण है, सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट पूरी गम्भीरता से इस प्रशिक्षण को प्राप्त करें, जो भी जिज्ञासाएं है उसका समाधान यहीं पर कर लें। बूथ के 200 मीटर परिधि में किसी भी पार्टी की प्रचार सामग्री नहीं रहेगी ना ही किसी का कार्यालय रहेगा। जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने सेक्टर एवं जॉन के बारे में विस्तृत जानकारी रखें संबंधित थानों के फोन नंबर अपने पास सुरक्षित कर लें जिससे चुनाव के दिन संपर्क स्थापित करने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। इस बार चुनाव में एमपीएस ऐप का आपको प्रयोग करना है जिसका मतलब है मतदाता प्रतिशत संकलन। प्रशिक्षण में सुपर मास्टर ट्रेनर्स के रूप में डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मोहम्मद अनीस एवं एआरपी धर्मेन्द्र ओझा रहे तथा टेक्निकल मास्टर ट्रेनर के रूप में अशोक शुक्ला एवं नसीमुद्दीन रहे। इस प्रशिक्षण में सामान्य प्रशिक्षण एवं ईवीएम सम्बन्धित प्रशिक्षण साथी साथ विशेष निर्देश जोनल और सेक्टर को दिए गए जैसे पोलिंग रवानगी के दिन सुबह 8:00 बजे पहुंचना है, अपनी पार्टियों से संबंधित स्थापत्य करके उन्हें निर्धारित वाहनों में उनके मतदान केदो पर रवाना करना है। शाम को उनकी उपस्थिति लेनी है, सुबह 5:30 बजे मॉक पोल में मतदान केंद्र पर उपस्थित रहना है। इस अवसर पर त्रिभुवन विश्वकर्मा अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, उप निदेशक एवं प्राचार्य उपनिदेशक अफीम कोठी मंजू वर्मा, जिला विद्यालय/उप शिक्षा निदेशक निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य डा0 विन्ध्याचल सिंह, सहित राहुल शर्मा, जेपी चैधरी, नीरज मिश्रा और प्रशिक्षु कार्मिक उपस्थित रहे।

# 251 सुहागिनों ने पीली साड़ी पहनकर की मां अवसान देवी की पूजा

### बेल्हा देवी मंदिर परिसर में सामूहिक दुरदुरिया में उमड़ी भीड़

**अखंड भारत संदेश**



अवसान माता की पूजा अर्चना करती सुहागिनें।

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय युवा क्षत्रिय महासभा की ओर से शहर के बेल्हा देवी मंदिर परिसर में सामूहिक दुरदुरिया की पूजा अर्चना विधि विधान से की गई। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम की आयोजिका महिला सभा की मुखिया रीता सिंह सेंगर ने बताया कि गुरुवार को पूर्वान्ह आठ बजे से अपरान्ह एक बजे तक अवसान मइया की पूजा अर्चना सामूहिक रुप से की गई।

दुरदुरिया में आई सभी 251 महिलाएं (सुहागिनों) को प्रसाद व लंच पैकेट वितरित किया गया। खास बात यह रही कि सभी महिलाएं पीली साड़ी पहनकर पूजा करने आई थी। कार्यक्रम में रीता सिंह के अलावा देवमती सिंह, मनोरमा सिंह सेंगर, निशा सिंह, पूनम उमरवैश्य, सुशीला मिश्रा पूर्व सभासद, रोहित मिश्रा, सुनीता पटेल, वंदना गोयल, सेमी गोयल, गुड़िया तिवारी ने सक्रिय भागीदारी की। इसके अलावा अभिषेक सिंह सेंगर, सुमित सिंह, अजीत प्रताप सिंह उर्फ मोनू ठाकुर, प्रिंस सिंह, सोनू सिंह, आयुष मिश्रा, अमन सिंह, शिवनायक सिंह आदि ने सहयोग किया।

# जनरेटर की केबिन में आग लगने से मासूम की मौत

## सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लिया

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बंद पड़े जनरेटर के केबिन में पांचवर्षी मासूम खेल रही थी। इसी दौरान अचानक केबिन में आग लग गई। जिसकी चपेट में आने से पांच वर्षी मासूम की आग में जलकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस पंचनामा कर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के केवटली गांव के रहने वाले राकेश चैहान की पांच वर्षीय पुत्री रूही चैहान की आग की चपेट में आने से मौत हो गई। आग लगने का कारण पता नहीं चला। बंद पड़े जनरेटर की केविन में लगी थी। जिसमें से जनरेटर का पार्ट निकाल लिया गया था। सिर्फ केविन ही बची थी जिसमें रूही अक्सर खेलने के लिए जाया करती थी।

सुबह करीब साढ़े दस बजे रूही केविन में खेलने के लिए गई तो उसमें आग लग गई। जिससे केविन के अन्दर ही रूही की जलकर मौके पर ही मौत हो गई। रूही तीन भाइयों में आदर्श,अर्पित,साहिल में सबसे छोटी बहन थी। इस घटना से परिजनो का रो रोकर बुरा हुआ है। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी पट्टी व आसपुर देवसरा के थाना अध्यक्ष सन्तोष कुमार सिंह अपने मयफोर्स के साथ पहुंचकर मौके का जायज़ा लिया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार राय ने बताया कि शव पीएम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों के तरफ से कोई भी तहरीर नहीं मिली है। अगर मिलती है तो निश्चित ही कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल छात्रों को प्रभारी बीएसए ने किया सम्मानित

### पूर्व माध्यमिक विद्यालय जैतीपुर के चार ने अपना लोहा मनवाया

**अखंड भारत संदेश**



मेधावी छात्रा को सम्मानित करते अतिथिगण।

**पट्टी, प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में बाबा बेलखरनाथ धाम के पूर्व माध्यमिक विद्यालय,जैतीपुर के 4 छात्रों ने जनपद में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उत्तीर्ण छात्रों को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया गया।

लगातार दूसरे वर्ष विद्यालय के छात्रों ने परीक्षा में अपना दबदबा बनाए रखा। विधार्थी पुरस्कार समारोह की अध्यक्षता प्राशिसं जिलाध्यक्ष रमा शंकर शुक्ल एंव संचालन प्रभारी प्र0अ0 विमल कुमार ने किया।पूर्व माध्यमिक विद्यालय जैतीपुर बाबा बेलखरनाथ धाम में भारत सरकार के उपक्रम द्वारा स्थापित जनपद की प्रथम स्मार्ट क्लास का भव्य उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह के द्वारा किया गया।विशिष्ट अध्यक्ष डा0 विनोद त्रिपाठी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मेधावी बच्चे वे हैं, जो अध्ययन एंव सीखने के प्रति उत्सुक होते हैं और सीखने की नई गतिविधियों पर उत्सुकता भरी नजर रखते हैं साथ ही अपने मन की बात शिक्षक से अवश्य करता है।

बता दे कि संसाधन विकास मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2023-24 का आयोजन किया गया था। इसमें जिले के 313 विधार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा में पूर्व मा0 वि0 जैतीपुर के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया! विद्यालय की छात्रा छाया एवं उत्तीर्ण छात्रों ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के लिए शिक्षकों ने विद्यालय में अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन किया था। अतिरिक्त कक्षा संचालन में राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त रश्मि मिश्रा ने मार्गदर्शन किया। बच्चों की तैयारी को लेकर उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्र0 अ0 विमल कुमार का अहम योगदान रहा। मुख्य अतिथि प्रभारी बीएसए शिव बहादुर मौर्य ने कहा कि 'पढेगा भारत, बढेगा भारत एंव परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र केंद्र सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं से लाभान्वित होंगे'। इन छात्र-छात्राओं को आगामी चार वर्ष तक एक हजार रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति शासन द्वारा दी जाएगी।परीक्षा पास करने वाले विधार्थियो में छात्रा छाया सिंह (36), संध्या पटेल (38) आयुष पटेल (37) एंव वीर सिंह (41 रैंक) आदि के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रभारी बीएसए ने सम्मानित किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान अमसौना आशा शीतला पटेल, प्राशिसं ब्लॉक मंत्री अजीत कुमार, जगदीश, विद्यालय के शिक्षक आशीष बौद्ध, लक्ष्मीशंकर प्रजापति, अहमद हसन, अभिषेक, अरविन्द कुमार, मंजू सिंह, धर्मेन्द्र गौड़, शब्बीर अहमद, प्रहलाद पटेल, प्रभात मिश्र और डा0 मनोज तिवारी एआरपी आदि ने विचार ब्यक्त कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# जाति, धर्म, सम्प्रदाय से उठकर एकजुट होकर करें मतदानः एसपी पटेल

## रानीगंज विधान सभा में कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**



रानीगंज कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन करते एसपी पटेल।

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए दिन बृहस्पतिवार को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी शिवपाल सिंह पटेल ने रानीगंज विधानसभा में कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस चुनाव में जाति, धर्म संप्रदाय से ऊपर उठकर जनपद के विकास व उत्थान के लिए एकजुट होकर मतदान करना है तथा हमें आपस में लड़ाने वाले मठाधीशों को अपने वोट के दम पर जवाब देने का सही अवसर यही है।

समाजवादी पार्टी ने जहां एक ओर बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया वही जन सामान्य की समस्याओं को देखते हुए निरंतर उसके समाधान के लिए काम किया है। समाजवादी पार्टी की सरकार जाने के बाद से विकास पूरी तरह से अवरोध हो चुका है, बस जुमलेबाजी के दम पर जन सामान्य को बरगलाने का काम होता रहा है। इस मौके पर सुशील सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में हम लोगों को निकल कर 25 जून को इंडिया गठबंधन को वोट देना है इस मौके पर समाजवादी पार्टी जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडे, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रानीगंज डॉक्टर शेर बहादुर यादव, गुलफाम खान, रानीगंज विधानसभा अध्यक्ष शेर बहादुर यादव, उमंग यादव, सुरेश यादव, डॉ महेंद्र दुबे, प्रदेश सचिव कांग्रेस बृजेन्द्र मिश्र, सुभाष चन्द्र बिन्द, रानीगंज नगर अध्यक्ष भईया राम यादव, शिवशंकर सरोज (पूर्व सभासद), विपिन बिन्द आदि लोग मौजूद रहे।

### बच्चा बैंक ने दूसरे दिन भी अग्नि पीड़ितों को राहत सामाग्री पहुंचाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** खजुरनी गांव में भीषण अग्निकांड की भेंट चढ़े बोधी पांडेय का पुरवा गांव के पीड़ितों की मदद को बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप तत्पर है। दूसरे दिन गुरुवार को भी राहत सामाग्री पीड़ित परिवारों को पहुंचाई गई। ग्रुप के फ्री स्टडी सेंटर पर सहयोगी अश्विनी केसरवानी की तरफ से दाल, चावल, आटा, मसाले और पहनने के लिए कपड़े का इंतजाम किया गया। उस सामाग्री को सेंटर के प्रिंसिपल शनि ने अग्नि पीड़ितों के घर पहुंचाया। शनि ने बताया ग्रुप के सहयोगी मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ फिजिशियन डाक्टर मनोज खत्री की तरफ से खाद्य पदार्थ और कपड़े इत्यादि शुक्रवार को पीड़ित परिवारों को भेजा जायेगा। बता दें कि बुधवार को भी बच्चा बैंक के छात्रों ने राहत सामाग्री के साथ घर बनाने का सामान भी भेजा था। पीड़ित परिवार बच्चा बैंक से जुड़ा हुआ है।

# अवैध गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार, इलैक्ट्रॉनिक कांटा बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में जनपद के थाना लालगंज के उ0नि0 दीपक कुमार यादव मय हमराह उ0नि0 प्रशान्त दुबे, का0 छत्रपाल, म0का0 प्रान्जली यादव, म0का0 कविता द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थानाक्षेत्र लालगंज के ग्राम शीतलमऊ के पास एक व्यक्ति शाबिर अली पुत्र स्व0 मुनीर अली निवासी ग्राम शीतलमऊ थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़ को 01 किलो 750 ग्राम अवैध गांजा, एक अदद इलैक्ट्रॉनिक कांटा एवं गाजा बिक्री के 5480 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना लालगंज में मु0अ0सं0 158/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। उधर क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में जनपद के थाना लालगंज के उ0नि0 कबीरदास मय हमराह का0 सोनवीर द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना क्षेत्र लालगंज के जलेशरगंज हनुमान मन्दिर गली के पास 01 व्यक्ति कृष्ण कुमार चौरसिया पुत्र भगौती प्रसाद चैरसिया निवासी ग्राम धारुपुर जलेशरगंज थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़ को 01 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा एवं गाजा बिक्री के 7550 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना लालगंज में मु0अ0सं0 159/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## हिरन के बच्चे की देखभाल में लापरवाही का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी बुधवार को लालगंज स्थित वन प्रभाग कार्यालय पहुंचे। उन्होने वन प्रभाग में रखे गये हिरन के एक बच्चे को गंदगी के बीच व जर्जर कमरे में रखे जाने पर वन विभाग के अफसरों से आपत्ति दर्ज करायी। उन्होनें आरोप लगाया कि हिरन का ठीक से उपचार भी नहीं कराया जा रहा है। अजय क्रांतिकारी ने उप पशु मुख्य चिकित्साधिकारी कमलेश कुमार से बातचीत कर हिरन की देखभाल करने की बात कही।

# परियावां रेलवे स्टेशन के तीन रेलवे फाटक दे रहे दुर्घटना को दावत

**अखंड भारत संदेश**



रेलवे फाटक पर दुर्घटना को दावत रहे खरतनाक गड्ढे।

**परियावां, प्रतापगढ़।** एक तरफ केंद्र सरकार रेलवे लाइन पर स्पीड से चलने वाली ट्रेनों का संचालन करने के लिए वन्दे भारत एक्सप्रेस जैसी ट्रेन का संचालन प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक पर कर रही है तो दूसरी ओर बिना स्टापेज के एक्सप्रेस ट्रेनों का भी संचालन तेजी से कर रही है ट्रेनों के आवागमन के दौरान परियावां कालाकांकर रोड रेलवे स्टेशन से दिन रात एक्सप्रेस ट्रेन के अलावा मालगाडी सहित दर्जनों ट्रेन 34 सी आलापुर, 35 सी परियावां व 37 सी छिंदौरा रेलवे फाटक से स्पीड से बिना स्टापेज वाली एक्सप्रेस व मालगाडी पटरी पर दौड़ती है।

उक्त रेलवे फाटक की तीनों गेट पर दिन रात छोटे बड़े वाहनों का आना जाना लगा रहता है रेलवे फाटक के ट्रैक को पार करने वाली सड़क क्षतिग्रस्त हो जाने से जानलेवा गड्डे हो गये है जो बड़े हादसे का इंतजार कर रही है यदि समय रहते रेल विभाग के अधिकारियो ने नही चेता तो बड़ी घटना होने से इंकार नही किया जा सकता जब कि उक्त तीनों रेलवे फाटक की समस्या से समाचार पत्र के माध्यम से रेलवे चीफ पी डब्लू आई बी बी सिंह को अवगत कराया गया लेकिन अभी ट्रैक को पार करने वाली सड़क की मरम्मत नही हो सकी। स्थानीय ब्यापारियों ने रेल विभाग के डी आर एम महोदय से परियावां रेलवे स्टेशन के तीनो रेलवे फाटक की सड़क को अविलम्ब डामरी करण कराने के लिए पुर जोर मांग किया है ताकि किसी प्रकार की अनहोनी घटना रेलवे फाटक पर पार करते समय न हो सके।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, पांच बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

### बैंक के बगल ट्रांसफार्मर में लगी आग मचा भगदड़

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बिजली के तार में हुए शॉर्ट सर्किट से गेहू की खड़ी फसल में आग लग गई। जिससे पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। कंधई थाना क्षेत्र के धूती गांव निवासी राजमणि तिवारी के गेहूं के फसल की कटाई अभी नहीं हुई थी। खेत के ऊपर से गई हाई वोल्टेज सप्लाई के तार में शॉर्ट सर्किट होने से गुरुवार की दोपहर खेत में आग लग गई। जिससे उनकी पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

आग फैल कर गांव के ग्राम सचिवालय तक पहुंच गई और सचिवालय में भी आग लग गई।इतना ही नहीं गांव के महंत लाल बनवासी का रिहायसी छप्पर जल गया। उसमें रखी गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग बुझा ली। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया वरना बड़ा नुकसान हो सकता था। उधर नगर में स्थित एसबीआई बैंक के बगल लगे ट्रांसफार्मर में सुबह अचानक आग लग गई।धू धू कर जलने लगा यह सब देख बैंक में लगी भीड़ में भगदड़ मच गई। बैंक कर्मियों ने घटना की सूचना विद्युत कर्मियों को दिया विद्युत सप्लाई बंद होने के बाद लगे ट्रांसफार्मर में आग को बुझाया गया तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। सूचना के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड कर्मी भी पहुंचे थे।

## बस्ती के पास जंगल में लगी आग

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना के पूरे दलपत शाह गांव में खेत में गेहूं की पराली में अज्ञात कारणों से आग लग गई और आग धीरे-धीरे ब्राह्मण बस्ती के किनारे नागेंद्र तिवारी के जंगल तक पहुंच गई, रात लगभग 10:30 बजे जंगल में आग लगते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया,जैसे ही लोगों ने जंगल में आग देखा हल्ला गुहार करने लगे,हल्ला गुहार सुनकर पुरेदलपत शाह व पड़ोस के धौरहरा गांव के सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए,ग्रामीणों ने इसकी सूचना आसपुर देवसरा पुलिस को और फायर ब्रिगेड को दी,लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने ट्यूबवेल और समर सेबल की सहायता से जंगल में लगी आग पर काबू पा लिया, जंगल की आग बुझाने के बाद लोगो ने राहत की सांस ली क्योंकि जंगल किनारे ब्राह्मण बस्ती है यदि जंगल की आग बस्ती तक पहुंच जाती तो भारी नुकसान हो सकता था,जंगल में आग लगने से ढाक, बाबुल, चिलबिल व अन्य जंगली पेड़ जलकर राख हो गए।

## चोरी के घंटा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार, देशी बम बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना सांगीपुर से उ0नि0 ज्ञानेन्द्र कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान, दूरभाष के माध्यम से मिली सूचना पर चोरी के तीन घंटा व दो अदद देशी बम के साथ अभियुक्त प्रदीप कुमार सिंह पुत्र खेलावन सिंह निवासी रायचन्द्पुर (मदारीपुर), थाना अंतू, जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र सांगीपुर के दुर्गा माता मन्दिर तारापुर ग्राम तारापुर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त प्रदीप कुमार सिंह उपरोक्त के कब्जे से चोरी के तीन अदद घंटा व 02 अदद देशी बम बरामद किये गये जिसके संबंध में थाना सांगीपुर में मु0अ0सं0 77/2024 धारा 379, 411 भादवि 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त बरामद मोटर साइकिल बजाज प्लाटिना को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

### मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों को दिलाई गई मतदाता शपथ

**प्रतापगढ़।** राजा प्रताप बहादुर पुरुष अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के कक्ष में सीएमएस डा सौभाग्य प्रकाश ने मेडिकल कालेज के डाक्टरों और स्टाफ को मतदाता की शपथ दिलाई। जिसमें वरिष्ठ फिजिशियन डाक्टर मनोज खत्री, आर्थो सर्जन अतुल सरोज, चर्म रोग डाक्टर आरजू मिश्रा, कैलाश नाथ, अशोक पाठक, शकीला, विजय यादव समेत स्टाफ मौजूद था।

# फौजी की संदिग्ध दशा में मौत

पिता ने कहा कि पत्नी मानश्री ने अपने बाप और यार के साथ मिलकर उसके पुत्र की हत्या की है

मामला फतेहपुर जनपद के खखरेरू थाना के चिरई गांव का शव अझुवा पहुंचने पर जमकर हुआ हंगामा,फौजी की पत्नी को धक्का मुक्की कर परिजनों ने खदेड़ा



अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 11नेतानगर निवासी एक फौजी की बीती 1 मई को ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। फौजी के पिता हरीलाल के अनुसार घनश्याम आर्मी में नायब सूबेदार था जिसकी शादी मनश्री पुत्री श्याम सिंह निवासी किशुन पर चिरई थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर में सन 2011 में हुई थी शादी के बाद से ही पत्नी मानश्री के इकलौती होने के कारण ससुराल में ही रहकर गुवाहाटी में सर्विस करता था मार्च 2024 में छुट्टी पर घर आया था उसके ससुर श्याम सिंह एवम मानसिंह ,कमलेश सिंह ,धर्मेंद्र सिंह साजिश के तहत घनश्याम की सेलरी हथियानी का प्रयास करते रहते थे बीती शाम श्याम सिंह ने सूचना दिया कि उसका पुत्र घनश्याम की तबियत खराब है मौके पर जब वह परिजनों शहजादे वा शिवम के साथ पहुंचे तो देखा उसके पुत्र को मारपीट ,गला दबाकर हत्या कर फांसी पर लटका दिए है घनश्याम की पत्नी मानश्री ने अपने बाप और यार के साथ मिलकर उसके पुत्र की हत्या की हैं इतने में ही श्याम सिंह,कमलेश,मानसिंह आदि गाली गलौज करने लगे। मौके पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया आज 2 मई को जब शव अझुवा पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया मौके पर मृतक फौजी की पत्नी परिवार दर्जनों महिलाओं के साथ अझुवा पहुंची तो फौजी के परिवार की महिलाओं ने धक्का मुक्की करते हुए खदेड़ दिया मौके पर अझुवा चौकी पुलिस और अतिरिक्त निरीक्षक मौके पर पहुंचकर बीच बचाव किया है फौजी की पत्नी और महिलाओं को मौके से वापस भेज दिया गया है,खबर लिखे जाने तक फौजी का अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका है।मां बाप ,परिजन चीख चीख कर हत्या किए जाने का आरोप लगाते रहे हैं।

# पुत्र के खिलाफ पिता ने दाखिल किया नामांकन पत्र

समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के सामने सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री इंद्रजीत सरोज ने ठोका दावा

लोकसभा चुनाव में पिता पुत्र की आपसी खींचतान के बाद समाजवादी पार्टी का हो सकता है बड़ा नुकसान

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** लोकसत्ता चुनाव 2024 में नामांकन शुरू हो गया है भाजपा सपा प्रत्याशियों सहित तमाम प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज के खिलाफ उनके पिता पूर्व कैबिनेट मंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महा सचिव इंद्रजीत सरोज ने नामांकन पत्र दाखिल करके दावेदारी कर दी है मंझनपुर से वर्तमान विधायक इंद्रजीत सरोज ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया है पुत्र के खिलाफ चुनाव मैदान में पिता सामने आ गए हैं समाजवादी पार्टी के दो दावेदारों के सामने आने के बाद चुनावी गणित बिगड़ गई है और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी कमजोर होते दिखाई पड़ रहे हैं पिता पुत्र की आपसी खींचतान के बाद लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का बड़ा नुकसान हो सकता है पिता पुत्र दोनों के लोकसभा चुनाव मैदान में आ जाने के बाद अन्य राजनीतिक दल के प्रत्याशी इसे शुभ संकेत मान रहे हैं।

## दलित नाबालिक बालिका का अपहरण पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव में अपनी रिश्तेदारी में आई एक दलित नाबालिक बालिका को पट्टी परवेजा बाद बड़े गांव थाना संदीपन घाट का गैर विरादरी का एक युवक 13 अप्रैल को उठा ले गया था बालिका को ले जाने में युवक के भाइयों ने भी सहयोग किया था बालिका को उठा ले जाने वाला युवक एक नेताजी का स्वजातीय है बालिका को उठा ले जाने वाले युवक के परिवार की मदद बिरादरी होने के नाते नेताजी कर रहे हैं मामले की सूचना बालिका की मा ने पहले संदीपन घाट पुलिस को दिया फिर उसके बाद संदीपन घाट पुलिस ने जब मुकदमा नही दर्ज किया तो बालिका की मां चरवा थाने पहुंची पुलिस ने तहरीर बदलवा दी और गुमशुदगी की तहरीर लिखवा कर बालिका के गुमसुदगी दर्ज कर लिया है घटना को 19 दिन बीत चुके हैं लेकिन दलित बालिका का सुराग नहीं लग सका है बालिका के परिवार के लोग परेशान हैं बालिका को ले जाने वाले युवक के परिवार के लोगों से भी पुलिस ने पूछताछ कर दलित नाबालिग बालिका को खोजने का प्रयास नहीं किया है जिससे बालिका के परिवार के लोग परेशान हैं और बार-बार पुलिस से बालिका को खोजने की फरियाद कर रहे हैं।

# सपा, बसपा सहित 10 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

03 ने खरीदे नामांकन पत्र,अब तक कुल 36 ने खरीदे नामांकन पत्र



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को सपा के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज,उनके बेटे पुष्पेंद्र सरोज,बसपा से शुभ नारायण गौतम सहित 10 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है,जबकि 03 लोगो ने नामांकन पत्र खरीदे है,जिसके बाद अब तक नामांकन पत्र खरीदने वालो की संख्या कुल 36 हो गई है कौशाम्बी जनपद में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 20 मई को होना निर्धारित है,जिसके लिए 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है,26 अप्रैल से अब तक कुल नामांकन पत्र खरीदने वाले लोगो की संख्या 36 हो गई है,जबकि सपा,बसपा सहित 10 प्रतायशियो ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। गुरुवार को इंडिया गठबंधन के तहत सपा से सपा के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज,सपा से ही उनके बेटे पुष्पेंद्र सरोज,बसपा से शुभ नारायण गौतम बहुजन मुक्ति पार्टी से राजेंद्र सोनकर पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया से साकेत कुमार प्रमोद कुमार निर्दलीय नरेंद्र कुमार अपना दल कमेराबादी छेद्दु निर्दलीय संजय कुमार निर्दलीय मटरू निर्दलीय सहित 10 प्रतायशीयो ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार रॉय ने प्रत्याशियों से नामांकन पत्र स्वीकार किया है।

## तीन दिन प्रस्तुत करें प्रत्याशी व्यय लेखा

कौशाम्बी। व्यय प्रेक्षक के निर्देशन में दिनांक 09 मई, 13 मई एवं 17 मई को प्रातः 10 से सायं 05 बजे तक सरस हाल में अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का निरीक्षण किया जायेंगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-50 कौशाम्बी के समस्त प्रत्याशी, स्वयं या निर्वाचन व्यय अभिकर्ता अपना अपना व्यय लेखा प्रस्तुत करे भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर आदेशों का सार संग्रह के अनुलग्नक-ग-15 के अनुपालन में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों का व्यय लेखा व्यय प्रेक्षक के निर्देशन में दिनांक 09 मई, 13 मई एवं 17 मई 2024 को प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक सरस हाल विकास भवन में निरीक्षण किया जायेंगा।यह जानकारी प्रभारी अधिकारी व्यय लेखा/वरिष्ठ कोषाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी/रिटर्निंग ऑफिसर की अध्यक्षता में लेखा समाधान बैठक निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 26वें दिन दिनांक 30 जून 2024 को प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक उदयन सभागार में प्रस्तावित है। उन्होंने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत् लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-50 कौशाम्बी के समस्त प्रत्याशियों को सूचित किया हैं कि दिनांक 09 मई, 13 मई एवं 17 मई 2024 को प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक सरस हाल विकास भवन में वे स्वयं या उनके द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने के लिए निर्वाचन व्यय अभिकर्ता निर्धारित समय से उपस्थित होकर अपना व्यय लेखा प्रस्तुत करेंगे। निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने के लिए दैनिक व्यय लेखा पंजिका, बैंक पंजिका, बाउचर, बैंक स्टेटमेन्ट की छायाप्रतियॉ 03 सेट में प्रस्तुत करना आवशयक है। लेखा प्रस्तुत करने की तिथि के एक दिन पूर्व तक का लेखा प्रस्तुत करना होगा, निर्धारित तिथियों में व्यय लेखा प्रस्तुत न करने की स्थिति में सम्बन्धित प्रत्याशी/अभ्यर्थी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उनके जनसभा, जूलूस तथा वाहन की परमिशन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की कार्यवाही की जायेंगी।

# बेकाबू स्कॉर्पियो ने अधेड़ को कुचला इलाज के दौरान मौत

अखंड भारत संदेश



**महगाव कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना अंतर्गत इमामगंज चौराहे पर एक अज्ञात स्कॉर्पियो ने अधेड़ को टक्कर मार दी है जिससे अधेड़ गंभीर हालत में लहूलुहान हो गया और सड़क पर गिरकर तड़पने लगा आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दिया गंभीर स्थिति में 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां हालत गंभीर होने पर उसे प्रयागराज रेफर कर दिया गया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक जगरूप उम्र 70 वर्ष पुत्र रामकृपाल निवासी आदमगंज नादिर अली मजरा छितापुर गुरुवार को अपने विक्की गाड़ी से बजहा पेट्रोल पंप में डीजल लेने जा रहा था जैसे ही वह इमामगंज बैंक के पास पहुंचा तेज गति स्कार्पियो ने जगरूप को पीछे से टक्कर मार दी जिससे जगरूप सड़क पर गिर पड़ा और उसे गंभीर चोटे आ गयीं। आवाज़ सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुचे एवं बुरी तरह से घायल जगरूप को 108 एम्बुलेंस द्वारा नजदीकी सी एच सी मूरतगंज ले गए जहाँ से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया है।

# प्रत्याशी और उनके समर्थकों द्वारा खुले आम उड़ाई जा रही आचार संहिता की धज्जियां

निर्दलीय प्रत्याशी छेददु गरीब है इसलिए उस पर क्षेत्र अधिकारी का कानून लागू होता है



**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता और धारा 144 का पालन करने में निर्वाचन आयोग के अधिकारी पूरी तरह से लापरवाह बन गए हैं निर्वाचन आयोग का निर्देश प्रत्याशी के साथ पांच व्यक्ति आएगा इसीलिए धारा 144 लगाई गई है इसका पालन नहीं दिखाई पड़ रहा है कलेक्ट्रेट गेट तक प्रत्याशी और उनके समर्थकों का हुजूम उमड़ रहा है जबकि धारा 144 में पांच व्यक्ति से ज्यादा एक स्थान पर एकत्रित नहीं हो सकते हैं लेकिन उसके बाद नामांकन के दौरान सैकड़ो हजारों लोगों की भीड़ दिखाई पड़ती है कहीं भी धारा 144 का पालन पुलिस के जवान नहीं कर पा रहे हैं आखिर जब धारा 144 का पालन पुलिस के जवान नहीं कर पा रहे हैं तो सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर इतनी फोर्स तैनात किए जाने की क्या जरूरत है गुरुवार को भी जनपद मुख्यालय मंझनपुर में कलेक्ट्रेट गेट के आसपास हजारों लोगों की भीड़ देखी गई है जो आचार संहिता और 144 की धज्जियां उड़ा रही है नामांकन करने के बाद वापस लौट रहे निर्दलीय प्रत्याशी छेददु को क्षेत्र अधिकारी ने धक्का मार कर अभद्रता करते हुए बाहर कर दिया जब खबर सोशल मीडिया पर चलने लगी तो प्रशासन की ओर से सफाई दी गई है कि छेददु ने प्रचार करना शुरू कर दिया था और वह आदर्श आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रहा था लेकिन क्षेत्र अधिकारी की नजरों के सामने हजारों लोगों द्वारा भीड़ लगाकर आदर्श आचार संहिता की धज्जियां उड़ाए जाने और 144 का पालन न किए जाने पर क्षेत्राधिकारी द्वारा आदर्श आचार सहिंता और 144 के तहत कार्यवाही को अमल में नहीं लाया गया है क्योंकि यह भीड़ राष्ट्रीय राजनीतिक दल के प्रत्याशियों की भीड़ है और बड़े दल के नेताओं के साथ कानून का पालन कराने का साहस क्षेत्र अधिकारी नहीं कर पा रहे हैं निर्दलीय प्रत्याशी छेददु गरीब है इसलिए उस पर क्षेत्र अधिकारी का कानून लागू होता है जिससे उनकी दोहरी मानसिकता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए गांव की गलियों में घूमे अधिकारी

**कौशाम्बी।** जनपद में 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को विकास खण्ड-कड़ा के उच्च प्राथमिक विद्यालय कोरियो एवं प्राथमिक विद्यालय अफजलपुर सातों में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता चौपाल का आयोजन किया गया। विगत निर्वाचन में इन दोनो ग्रामों में क्रमशः 40 और 41 प्रतिशत मतदान हुआ था। चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा की वोट देना सभी का लोकतांत्रिक अधिकार है। सभी के वोट अमूल्य है। आप अपने एक वोट से अच्छी सरकार का चुनाव कर सकतें हैं। आपके एक एक वोट से देश का भविष्य तय होगा। इसलिए 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने मत रूपी अस्त्र का प्रयोग करते हुए बिना किसी डर के अपने मनपसंद व्यक्ति को वोट अवश्य करें। उन्होंने कहा की बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता। कार्यक्रम में उपस्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा की आपका एक वोट देश की दिशा और दशा बदल सकता है। ऐसे में मतदान वाले दिन सबसे पहले बूथ पर पहुंचकर अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। बूथों पर मतदाताओं के धूप से बचने के लिए टेंट और प्यास बुझाने के लिए पानी आदि की व्यवस्था भी रहेंगी। जब आप वोट डालने के लिए निकले तो अपने परिवार के साथ और पड़ोसियों को भी साथ में ले जाकर मत अवश्य डालें। इसके बाद उपस्थित समस्त अधिकारी और कर्मचारी गांव में घूम-घूम कर लोगों से मिलकर उन्हें मतदान करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की कोई समस्या आने पर फोन के माध्यम से सूचित करे, जिससे उस समस्या का त्वरित समाधान किया जायेंगा। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार एवं एआरपी प्रभाकर मिश्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

आपके एक एक वोट से ही तय होगा देश का भविष्य देश की दशा और दिशा बदलने में आपका वोट महत्वपूर्ण




# सम्राट मौर्य असली आईबी अफसर या फिर फर्जी आईबी अफसर जांच का विषय

**कौशाम्बी।** मोबाइल नंबर के कॉलर ट्यून में आईबी डिपार्टमेंट शो करने वाले सम्राट मौर्य के कारनामे की जांच कराए जाने की जरूरत है यह सम्राट मौर्य आईबी विभाग के डिपार्टमेंट में कार्य कर रहे हैं या फिर यह किसी अन्य जगहों पर काम कर रहे हैं लेकिन यह लोगों को धमकाते हैं हड़काते हैं लोगों पर धौस जमाते हैं लोगों से गाली गलौज बदतमीजी करते हैं इसके अलावा यह क्या-क्या गुनाह कर रहे हैं समाजवादी सरकार से उनकी गहरी आस्था है और भाजपा सरकार से यह नफरत कर रहे हैं जिससे यह लगता है कि यह व्यक्ति आईबी डिपार्टमेंट का नहीं हो सकता है यदि आईबी डिपार्टमेंट का व्यक्ति होता तो वह किसी पार्टी नेता की बात नहीं करता इस व्यक्ति की आचरण पर जांच के बाद हकीकत का खुलासा होगा आई बी डिपार्टमेंट का अफसर बनकर लोगों से गुंडई करना बदतमीजी करना इसकी आदत में शुमार है और आईबी डिपार्टमेंट के नाम का यह व्यक्ति क्या-क्या गुनाह करता है यह जांच का विषय है और इसकी जांच कराया जाना जरूरी है। 9415832373 मोबाइल नंबर का व्यक्ति अपने को आईबी डिपार्टमेंट का आदमी बता रहा है भारत सरकार के खुफिया विभाग आई बी डिपार्टमेंट के नाम का उपयोग कर रहा है बातचीत के दौरान यह व्यक्ति अपने को मिर्जापुर का बता रहा है इतना ही नहीं भारत सरकार के अशोक स्तंभ का उपयोग कर रहा है यदि यह विभाग के बाहर का व्यक्ति है तो डिपार्टमेंट का नाम उपयोग कर गलत कर रहा है आईबी डिपार्टमेंट के नाम का उपयोग करने के पीछे इसकी क्या मंशा है डिपार्टमेंट के साथ-साथ यह व्यक्ति अशोक स्तंभ का भी उपयोग कर रहा है मोबाइल की कॉलर ट्यून में आईबी डिपार्टमेंट शो कर रहा है और नाम के आगे स्टेटस में सम्राट मौर्य लिखा हुआ है आईबी विभाग के डिप्टी एसपी से जब इस संबंध में बात की गई तो उनका कहना है कि यह मोबाइल नंबर उनके विभाग के व्यक्ति का नहीं है लेकिन उन्होंने जांच कराए जाने की बात कही है मामले की शिकायत ट्विटर एक्स के माध्यम से राज्यपाल मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश को भेजी गई है मामले की जांच हुई तो इस व्यक्ति के हकीकत का खुलासा होना तय है।

आई बी डिपार्टमेंट का अफसर बनकर लोगों से गुंडई करना बदतमीजी करना आदत में है शुमार

भारत सरकार के अशोक स्तंभ का उपयोग कर रहे व्यक्ति के आचरण पूरी तरह से संदिग्ध




## न्यूज झरोखा

### प्रत्याशी के साथ सीओ ने की अभद्रता कैसे कराएगे निष्पक्ष चुनाव



**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव में कलेक्ट्रेट में नामांकनपत्र दाखिल कर वापस लौट रहे निर्दलीय प्रत्याशी छेद्दू के साथ सीओ मंझनपुर सत्येन्द्र तिवारी ने सरे आम अभद्रता की है लोकसभा प्रत्याशी के साथ सीओ की दबंगई देखने को मिली है डांटते फटकारते हुए क्षेत्राधिकारी ने लोकसभा प्रत्याशी से कहा कि तुम्हारी औकात यहां आने की है टांग के बाहर कर दूंगा धक्का मार करके लोकसभा प्रत्याशी को भगा दिया गया नामांकन करने गए निर्दलीय प्रत्याशी छेद्दू को धक्का देकर क्षेत्राधिकारी ने भगाया नामांकन करके वापस आ रहे छेद्दू 11 बार से लगातार चुनाव लड़ रहे है छेद्दू। अपने अनोखे प्रचार प्रसार को लेकर लोकसभा प्रत्याशी छेद्दू जाने जाते है अब सवाल उठता है कि निर्दलीय प्रत्याशियों के साथ सीओ की अभद्रता को क्या जिम्मेदार पुलिस अफसर द्वारा की जा रही है तो लोकसभा चुनाव कैसे निष्पक्ष संपन्न होगा।

### विनोद सोनकर से दरोगा के अभद्रता के मामले को लेकर बैठक



**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना के उप निरीक्षक शुभम सिंह ने 01 मई की आधी रात को विनोद कुमार सोनकर लेखपाल के साथ अभद्रता की है आरोप है कि पूर्व ब्राक प्रमुख विक्की साहू और उनके सहयोगियों के इशारे पर उप निरीक्षक ने लेखपाल से अभद्रता की है गाली गलौज किया है विनोद कुमार सोनकर के साथ उप निरीक्षक और सिपाहियों ने गाली गलौज मारपीट करते हुए कहा कि खटीक तेरी औकात क्या है लेखपाल के साथ गाली गलौज मारपीट अभद्रता को लेकर लेखपाल संघ आक्रोशित है और एसडीएम सिराथू को पत्र देकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने अवगत कराया है कि लेखपाल साथी के अभद्रता के मामले को लेकर वह 3 मई को बैठक करेगा।

### अज्ञात वाहन ने डिलीवरी ब्वाय की बाइक में मारी टक्कर, घायल जिला अस्पताल में भर्ती



**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना अंतर्गत लोहरा मोड़ के पास अज्ञात चारपाहिया वाहन ने एक बाइक सवार डिलीवरी ब्वाय की बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार डी जिससे बाइक सवार घायल हो गया और उसकी दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार ई कॉम एक्सप्रेस कोरियर कंपनी में कार्यरत राजू पाल पुत्र जगरूप 32 वर्ष रोज की भांति वृहस्पतिवार सुबह भी कोरियर के पैकट की डिलीवरी करने निकला था कि लोहरा मोड़ के पास एक अज्ञात चारपाहिया वाहन ने राजू की बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया और उसकी बाइक दूर जा गिरी। वहीं से गुजर रहे राहगीरों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने घायल को नजदीकी सरकारी अस्पताल मूरतगंज ले गयी जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल मंझनपुर के लिए रेफर कर दिया।

### कौशांबी डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 चेस चैंपियनशिप 2024 का आयोजन



**कौशांबी।** जिला शतरंज खेल संघ कौशांबी के तत्वावधान में सेंट जोसेफ स्कूल तेरह मील काजीपुर के प्रांगण में 02/05/2024 को 5 चरणों में की गई जिसके परिणाम निम्न प्रकार से हैं। प्रणव शुक्ला प्रथम स्थान, ओमकार यादव द्वितीय स्थान पर तथा तृतीय स्थान कलश केसरवानी प्राप्त किए हैं। आयु वर्ग 11 में वीर यादव प्रथम स्थान, परी यादव द्वितीय स्थान, तेजस केसरवानी तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं। आयु वर्ग 13 में सजल शुक्ला प्रथम स्थान, कार्तिकेय गुप्ता द्वितीय स्थान, आदित केसरवानी तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं। आयोजक प्रभात मौर्या ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के लगभग 60 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया है। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य फादर रेमंड डी शूजा जी, कौशांबी शतरंज संघ के सचिव राघवेंद्र शुक्ला, मुख्य निर्णायक आदित्य कुमार द्विवेदी द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

### आम जनता की समस्याओं को पुलिस अधीक्षक ने सुना



**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव की बयस्तता के बाद भी आम जनता की समस्याओं को सुनकर उसका समाधान करना पुलिस अधीक्षक ने लगातार जारी रखा है पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में गुरुवार को आम जनमानस की समस्याओं की जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को उन्होंने सुना तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवशयक आदेश-निर्देश दिए।

### पत्नी को पीट-पीट कर घर से निकाला

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में अनुसूचित जाति के गणेश कुमार शराब पीने के आदी हैं और शराब के नशे में अपनी पत्नी सोनम से आए दिन मारपीट करते हैं बताया जाता है कि बुधवार की शाम को सोनम को उसके पति ने बेरहमी से पीट दिया और धक्का मार कर घर से बाहर भगा दिया है अपने छोटे-छोटे दो बच्चों के साथ सोनम पुलिस थाना पहुंची है और शिकायती पत्र दे कर शराबी पति पर कार्यवाही की मांग की है।

### चुनाव के चलते कार्यकारिणी का 3 महीने बढ़ाया गया कार्यकाल

**कल्यानपुर।** कौशांबी लोकसभा चुनाव के चलते यूपी लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन का चुनाव 3 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है 14 अप्रैल को संयुक्त जिला चिकित्सालय के रक्त केंद्र प्रयोगशाला के प्रतिनिधि संघ कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष मोतीलाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई संगठन का कार्यकाल 19 अप्रैल को पूरा हो रहा था लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते चुनाव कराया जाना संभव नहीं है इसलिए संगठन का चुनाव 3 महीने के लिए आगे बढ़ा दिया गया है सभी सदस्यों ने सहमत जताई है।

### आवारा पशुओं से निजात न मिलने से नाराज दिख रहे किसान

**कौशाम्बी।** बीते 10 वर्षों से आवारा पशुओं पर रोक लगाने का बार-बार निर्देश भाजपा सरकार दे रही है लेकिन भाजपा की सरकार में ही उनके अधिकारी 10 वर्षों से आवारा पशुओं पर रोक नहीं लगा पाए हैं अधिकारियों के मनमानी का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ा है और किसानों की खेत की फसल को आवारा पशु बर्बाद करते चले आ रहे हैं जिससे किसानों के सामने तमाम दिक्कतें खड़ी हो गई है भाजपा की सरकार में बार-बार लगातार आवारा पशु पर रोक लगाए जाने के मांग किसानों द्वारा की जाती रही लेकिन अधिकारियों ने आवारा पशुओं पर रोक नहीं लगाई है किसानों ने आवारा पशुओं पर रोक लगाए जाने के लिए सांसद विधायक के दरबार पर भी फरियाद की लेकिन मामला शून्य रहा जिससे किसानों की फसल आवारा पशु बर्बाद करते रहे इस संबंध में जब सैकड़ो किसानों से बात की गयी तो उनका कहना है कि यदि आने वाले दिनों में फिर से भाजपा की सरकार बनी तो आवारा पशुओं से निजात मिलना मुश्किल हो जाएगा और आवारा पशु खेत की फसल बर्बाद करते रहेंगे इसलिए आवारा पशुओं से निजात पाने के लिए भाजपा से दूरी बनानी होगी किसानों ने निर्णय किया है कि भाजपा को सत्ता में आने से रोकना होगा जिससे आवारा पशुओं से निजात मिल सके और फसल की बबार्दी ना हो।

## संपादक की कलम से

### इंटरनेट मीडिया की त्रासदी: अमित शाह का फेक वीडियो, आरक्षण और सियासी आंच

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एडिट किये गए वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की इंटेलीजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशन्स (आईएफएसओ) यूनिट ने कांग्रेस नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को पूछताछ के लिये 1 मई को दिल्ली बुलाया है।

तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव से पहले फेक वीडियो के माध्यम से जिस तरह से भाजपा को एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का विरोधी साबित करने की कोशिश की गई, वह अपने आपमें इंटरनेट मीडिया की उपयोगिता और प्रासंगिकता पर एक यक्ष प्रश्न है! सच कहूं तो यह इंटरनेट मीडिया की त्रासदी है, जिसके खिलाफ प्रिंट मीडिया जैसे सख्त और प्रभावशाली नियमन की दरकार है। दरअसल, इस फेक वीडियो में केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के दिग्गज रणनीतिकार अमित शाह को आरक्षण को खत्म करने का ऐलान करते हुए दिखाया गया है। जबकि हकीकत यह है कि असली वीडियो में अमित शाह एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण को बनाए रखने की बात कहते हैं।

यही वजह है कि अमित शाह का फेक वीडियो प्रसारित होने के बाद गृह मंत्रालय ने दो दिन पहले दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को शिकायत दी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस आयुक्त के निर्देश पर आईएसएफओ यूनिट ने धारा-153 (दंगा भड़काने के इरादे से उकसाना), 153 ए (धर्म, जाति, जन्मस्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्यता बढ़ाना), 465 (जालसाजी), 469 (पार्टी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने) और 171 जी (चुनाव परिणाम प्रभावित करने के इरादे से गलत बयान प्रकाशित करना) में केस दर्ज किया है।'

वहीं, इस मामले पर चिंता जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिनों महाराष्ट्र के सतारा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि "21 वीं सदी में टेक्नोलॉजी का बड़ा उपयोग और महत्व है। मैंने इंटरनेट मीडिया का उपयोग हमेशा जनता-जनार्दन से जुड़ने के लिए किया है, मगर आजकल एक बात परेशान करने वाली है। जो लोग भाजपा और राजग से सच्चाई, मुद्दों और अपने काम के आधार पर आमने-सामने राजनीतिक लड़ाई नहीं लड़ पा रहे हैं, वे अब इंटरनेट मीडिया पर फेक वीडियो फैला रहे हैं। वे हमारी पार्टी के नेताओं की आवाज में फर्जी वीडियो बनाकर गलत संदेश फैला रहे हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। आपको जब भी फेक वीडियो मिले, पुलिस को तुरंत सूचित करें।"

बहरहाल, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एडिट किये गए वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की इंटेलीजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशन्स (आईएफएसओ) यूनिट ने कांग्रेस नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को पूछताछ के लिये 1 मई को दिल्ली बुलाया है। पुलिस ने उन्हें स्वयं द्वारा प्रयोग किये जाने वाले सभी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट भी साथ लेकर आने को कहा है, क्योंकि रेड्डी ने भी एक एडिट वीडियो को "एक्स" पर पोस्ट किया था।

इतना ही नहीं, दिल्ली पुलिस ने रेवंत रेड्डी समेत तेलंगाना के छह लोगों को नोटिस भेजा है, जिसमें तेलंगाना कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुमुला रेवंत रेड्डी, माने सतीश, नवीन, शिवशंकर, अस्मा तस्लीम भी शामिल हैं। इस मामले की जांच के लिए दिल्ली पुलिस की एक टीम हैदराबाद पहुंच चुकी है और एक शख्स को हिरासत में लिया है। वहीं, इस मामले में असम पुलिस ने एक व्यक्ति रीतम सिंह को गिरफ्तार किया है, जो कांग्रेस से जुड़ा है और पार्टी के वार रूम कोऑर्डिनेटर के रूप में काम करता है।

इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि वह दिल्ली पुलिस के नोटिस से डरेंगे नहीं। कर्नाटक के सेदम में कांग्रेस की एक रैली में रेड्डी ने आरोप लगाया कि उन्हें जानकारी मिली है कि दिल्ली पुलिस के अधिकारी हैदराबाद में तेलंगाना कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गए हैं। उनके पास नोटिस था, जिसमें बताया गया था कि वह तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करेंगे। इसका मतलब है कि नरेंद्र मोदी जी चुनाव जीतने के लिए ईडी, आयकर विभाग, सीबीआई का दुरुपयोग बन्द करके अब दिल्ली पुलिस का दुरुपयोग कर रहे हैं। मगर यहां कोई डरने वाला नहीं है। यहां लोग इसका जवाब देंगे। भाजपा तेलंगाना और कर्नाटक का चुनाव हारेगी।

इससे साफ है कि लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण से पहले आरक्षण का मुद्दा गरमा गया है। भाजपा के सत्ता में आने के बाद संविधान बदलने और एससी, एसटी व ओबीसी आरक्षण समाप्त करने के कांग्रेस के हमले की काट के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी ने यूपी के पूर्व डीजीपी व सांसद बृजलाल को मैदान में उतारा है। बृजलाल ने कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों को वंचित, आरक्षण, बाबा साहेब अंबेडकर और संविधान का विरोधी बताया। उन्होंने 1961 में तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू के सभी मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र का हवाला देते हुए कहा, कांग्रेस को शुरू से आरक्षण पसंद नहीं है।

### देश के लिए शर्मिंदगी और अफसोस मुमकिन हुए

– सर्वमित्रा सुरजन

भाजपा अब भी जेडीएस के साथ गठबंधन में है, मानो प्रज्वल रेवन्ना पर लगे आरोपों का जेडीएस या भाजपा से कोई लेना-देना नहीं है। जेडीएस ने प्रज्वल को निलंबित करने की औपचारिकता निभा ली है। लेकिन यह काम पिछले साल ही क्यों नहीं किया गया, जब आरोप पहली बार लगे थे। प्रज्वल के खिलाफ कर्नाटक सरकार ने राज्य महिला आयोग की शिकायत के बाद विशेष जांच समिति गठित कर ली, लेकिन इससे पहले की जांच शुरू हो, 26 अप्रैल को हुए मतदान के अगले ही दिन सुबह प्रज्वल रेवन्ना जर्मनी भाग गया।

दस साल पहले जब नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद पर बैठने के लिए देश के लोगों से कई वादे किए थे। वो सारे वादे, जुमले साबित हो गए, एक भी पूरा नहीं हुआ। चलिए, कोई बात नहीं। अपनी बात पर खरा न उतरने के लिए वो देश के लोगों से माफी नहीं मांगेगे, यह भी स्वीकार्य है। लेकिन क्या वे इस बात के लिए कभी माफी मांगेंगे कि उनके पद पर रहते हुए इस देश में महिलाओं के साथ ऐसे भयावह कृत्य हुए, जिन्हें सुनते ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। या महिलाओं का सम्मान भी श्री मोदी के लिए राजनैतिक मुद्दे और नारे से अधिक की कीमत नहीं रखता है।

मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करवाकर जातीय उन्माद में डूबी भीड़ ने उनका जुलूस निकाला था और इस शर्मनाक घटना की चर्चा पूरी दुनिया में हुई थी। अब इसमें सीबीआई ने एक और भयानक खुलासा किया है कि पीड़ित महिलाओं ने पुलिस से सहायता मांगी थी। पुलिस की गाड़ी तक वे महिलाएं पहुंच गई थीं, लेकिन गाड़ी में बैठे पुलिसकर्मी ने कह दिया कि उसके पास गाड़ी की चाबी नहीं है और फिर उन्हें भीड़ के हवाले कर दिया। अगर यह किस्सा-कहानी होता तो भी उसे पूरा पढ़ने में डर लगता। लेकिन मणिपुर में जो कुछ हुआ, वो वास्तविक घटना है और फिर भी प्रधानमंत्री इसके लिए शर्मिंदगी महसूस नहीं करते, तो फिर उनकी संवेदनशीलता और नारी शक्ति के लिए अंतिम सांस तक काम करने के दावे पर सवाल उठने लाजिमी हैं।

यहां फिलहाल प्रधानमंत्री से ही सवाल इसलिए किया जा रहा है क्योंकि मणिपुर में पिछले साल शुरू हुए जातीय दंगों के बाद वे आज तक मणिपुर नहीं गए। शायद इसलिए कि इसके बाद उन्हें और मणिपुर की भाजपा सरकार को कुछ कठिन सवालों का सामना करना पड़ता। मगर संदेशखाली प्रधानमंत्री मोदी गए, क्योंकि प.बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी की सरकार है और यहां श्री मोदी को पीड़ित महिलाओं के बहाने टीएमसी पर हमला बोलने और अपनी राजनीति गमार्ने का मौका मिल गया।

मणिपुर और संदेशखाली से पहले बिल्किस बानो प्रकरण भी हुआ था, प्रधानमंत्री ने उस पर भी कुछ नहीं कहा, हाथरस, उन्नाव और कठुआ मामलों पर भी उनका रवैया न कुछ सुनना है, न देखना है, न बोलना है, वाला रहा। महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपी भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह को हटाने की हिम्मत भी श्री मोदी ने नहीं दिखाई। अब कर्नाटक से फिर एक डरावना मामला सामने आ गया है। यहां की हासन लोकसभा सीट से जेडीएस सांसद और एनडीए के मौजूदा उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना पर एक-दो नहीं, हजारों महिलाओं के यौन शोषण और उनका वीडियो जारी करने का गंभीर आरोप लगा है। कम से कम 29 सौ वीडियो सामने आ चुके हैं, जिनमें महिलाओं के साथ जबरदस्ती की जा रही है और ये महिलाएं कमजोर तबके की हैं या जेडीएस की कार्यकर्ता हैं। प्रज्वल के ये वीडियो पिछले साल से ही सामने आने शुरू हो गए थे, लेकिन तब उसने इन्हें झूठा बताते हुए प्रेस और टीवी में इसकी जानकारी देने से रोका था।

# हिन्दू विवाह पर सर्वोच्च अदालत का स्वागत योग्य फैसला

– ललित गर्ग –





देश की सर्वोच्च अदालत ने हिन्दू विवाह को लेकर बड़ा फैसला देकर न केवल हिन्दू विवाह के संस्कारों एवं पारंपरिक रिवाजों को पुष्ट किया है बल्कि उन्हें कानूनी दृष्टि से आवश्यक स्वीकार किया है। आज जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परम्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। बिना सात फेरों, हिन्दू रीति-रिवाजों एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू विवाह पर कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे। इससे हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा। पारिवारिक-संस्था को मजबूती मिलेगी।

हिंदू विवाह से जुड़ा यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी ह्यगाने और डांसह्व, ह्यशराब पीने और खानेह्व का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य में एक अच्छे परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिन्दू समाज-व्यवस्था की एक बुनियादी इकाई एवं मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिन्दू विवाह को मान्यता नहीं मिल सकती है अर्थात शादी के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं उसका पालन करना होगा। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। अधिनियम के अनुसार, एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के पारंपरिक संस्कारों और समारोहों के अनुसार संपन्न किया जाएगा। समारोहों में सप्तपदी (दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के चारों ओर संयुक्त रूप से सात कदम उठाना) शामिल है, और जब वे सातवां चरण एक साथ लेते हैं तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है। कुल मिलाकर हिन्दू विवाह एक संस्था है, संस्कार है और विवाह कोई व्यावसायिक लेन-देन नहीं है।

कोर्ट ने जोर दिया है कि हिंदू विवाह की वैधता के लिए सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों ओर सात फेरे) जैसे उचित संस्कार और उससे जुड़े समारोह जरूरी है। विवाद की स्थिति में समारोह के प्रमाण पेश करना जरूरी है।

कोर्ट की सात फेरों और उससे जुड़े समारोह का मूल्य समझाने की यह कोशिश हिन्दू विवाह को न केवल मजबूती प्रदान करेंगी बल्कि आधुनिकता की आंधी में धुंधलाते मूल्यों को नियंत्रित करने का काम करेगी। इसमें कोई शक नहीं कि विवाह संस्कार का मूल महत्व पहले की तुलना में कम हुआ है, अब विवाह बहुतों के लिए एक दिखावा, मजबूरी या समझौता भर रह गया है। न्यायमूर्ति बी नागरत्ना ने अपने प्रासंगिक एवं उपयोगी फैसले में बिल्कुल सही कहा है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। पारंपरिक संस्कारों या सात फेरों जैसी रीतियों के बिना हुए विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 के अनुसार हिंदू विवाह नहीं माना जाएगा। इस वजह से कोर्ट ने युवा पुरुषों और महिलाओं से आग्रह किया हैं कि वो विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले इसके बारे में गहराई से सोचें और भारतीय समाज में उक्त संस्था कितनी पवित्र है, इस पर विचार करें।

प्रश्न है कि हिन्दू विवाह को लेकर कोर्ट को जागरूक होने एवं हिन्दू संस्कारों को मजबूती देने की जरूरत क्यों पड़ी? हिन्दू विवाह से जुड़े संस्कारों एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों को लेकर अनेक मामले कोर्ट की चौखट पर आते रहे हैं, हर बार कोर्ट सजगता, दूरदर्शिता एवं विवेक से विवाह-संस्था से जुड़े मामलों पर अपना नजरिया प्रस्तुत करती रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले दिनों यह माना कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान का समारोह जरूरी नहीं है। उस फैसले में भी सप्तपदी के महत्व को दशार्या गया था। मध्यप्रदेश की एक परिवार अदालत के फैसले में महिला पक्ष को यह समझाया गया था कि सिंदूर लगाना एक विवाहित हिंदू महिला का धार्मिक कर्तव्य होता है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले में ऐसी ही समझाइश की कोशिश झलकती है। कुल मिलाकर, न्यायालय का संदेश यह है कि फिजूल के तमाशे-दिखावे से बचते हुए विवाह के मूल अर्थ को समझना चाहिए। हिंदू विवाह को लेकर अब ज्यादा स्पष्टता की जरूरत है और विशेषतः हिन्दू संस्कारों एवं संस्कृति को बल देने की भी। क्योंकि भारत में परिवार संस्था कायम है तो इसका कारण हिन्दू संस्कार एवं परम्पराएं ही हैं। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है।

हिन्दू विवाह एक आदर्श परम्परा एवं संस्कार है। हिंदू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। विवाह = वि $ वाह, अतः इसका शाब्दिक अर्थ है - विशेष रूप से उत्तरदायित्व का वहन करना। पाणिग्रहण संस्कार को सामान्य रूप से हिंदू विवाह के नाम से जाना जाता है। अन्य धर्मों में विवाह पति और पत्नी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है परंतु हिंदू विवाह पति और पत्नी क बीच जन्म-जन्मांतरों का सम्बंध होता है जिसे किसी भी परिस्थिति में नहीं तोड़ा जा सकता। अग्नि के सात फेरे लेकर और ध्रूव तारा को साक्षी मान कर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं। यह दो परिवारों का भी मिलन है। हिंदू विवाह में पति और पत्नी के बीच शारीरिक सम्बंध से अधिक आत्मिक संम्बंध होता है और इस सम्बंध को अत्यंत पवित्र माना गया है।

हिन्दू विवाह का न केवल पारिवारिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व है, बल्कि उसका गहन आध्यात्मिक महत्व भी है। हिंदू धर्म ने चार पुरुषार्थ (जीवन की चार बुनियादी खोज), यानी धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष निर्धारित किया है। विवाह संस्कार का उद्देश्य ह्यकामह्व के पुरुषार्थ को पूरा करना और फिर धीरे-धीरे ह्यमोक्षह्व की ओर बढ़ना है। एक पुरुष और महिला के जीवन में कई महत्वपूर्ण चीजें शादी से जुड़ी होती हैं; उदाहरण के लिए, पुरुष और महिला के बीच प्यार, उनका रिश्ता, संतान, उनके माता-पिता, उनके जीवन में विभिन्न सुखद घटनाएं, सामाजिक स्थिति और समृद्धि। हिंदू समाज में एक विवाहित महिला को अत्यंत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। उसके माथे पर कुमकुम-सिन्दूर के साथ एक महिला की दृष्टि, उसके गले में एक मंगलसूत्र पहने हुए, हरी चूड़ियाँ, पैर के अंगूठे के छल्ले और छह या नौ-यार्ड साड़ी स्वचालित रूप से एक पर्यवेक्षक के मन में उसके लिए सम्मान उत्पन्न करता है। हिंदू विवाह के सात वचनों में से, कम से कम तीन ऐसे हैं, जहां जोडे अपने बुजुर्गों की देखभाल करने का वादा करते हैं। पांचवां वचन अपनी संतान पैदा करने और उसकी देखभाल करने का है।

हाल के वर्षों में, भारत में हिन्दू विवाह परम्परा एवं संस्कृति से अनेक विसंगतियां एवं विकृतियां जुड़ गयी है, डेटिंग संस्कृति की शुरूआत के साथ, लव-मेरिज का प्रचलन बढ़ा है। संभावित दूल्हा और दुल्हन अपने दम पर जीवनसाथी चुनना पसंद करते हैं। आज के रोमांटिक-रिश्ते वास्तव में विवाह नहीं हैं, बल्कि एक नई प्रथा है, जिसके विपरीत प्रभाव से परिवार-संस्था बिखरने लगी है। विवाह के साथ प्रीवेडिंग का प्रचलन भी अनेक विकृतियों का वाहक बना है, बड़े-बडे.भव्य आयोजन एवं होटल संस्कृति ने भी विवाह की पवित्रता को धुंधलाया है। आयोजनों में शराब एवं अन्य नशों का बड़ा प्रचलन भी दुर्घटनाओं का कारण बना है। जिनके कारण विवाह होने से पहले ही उसमें दरारें पड़ते हुए देखी गयी है। प्रेषकः


**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**


# संविधान की शरण में भाजपा



लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में हुए मतदान को लेकर जो अनुमान लगाये जा रहे हैं उनमें भारतीय जनता पार्टी और उसके राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन (एनडीए) की हालत पस्त बताई जा रही है। तीसरे चक्र का मतदान जो 7 मई को होने जा रहा है, उसके बारे में भी कहते हैं कि रूझान कुछ ऐसे ही होंगे। फिर, भाजपा की मुख्य विपक्षी कांग्रेस एवं उसके गठबन्धन इंडिया के सहयोगी दल लोकतंत्र और संविधान को लेकर जिस तरह से हमलावर हैं, उसके कारण भाजपा अब संविधान की दुहाई जोर-शोर से दे रही है। उसके सबसे प्रमुख बिन्दु आरक्षण के साथ कोई छेड़छाड़ न करने का वह बारम्बार वादा भी कर रही है। यह अलग बात है कि उसके कहे पर कोई भरोसा नहीं कर रहा है और लोग मानने लगे हैं कि यदि तीसरी बार भाजपा-एनडीए की सरकार आई तो संविधान निश्चित रूप से बदल दिया जायेगा और इसकी पहली मार आरक्षण व्यवस्था पर ही पड़ेगी।

कांग्रेस व इंडिया जिस जोरदार तरीके से जातिगत जनगणना कराये जाने का भरोसा जनता को दिला रहे हैं, उससे भाजपा की बेचैनी बढ़ चली है। इस बात को पहली बार उठाने तथा उस पर दमदारी से टिके रहने वाले राहुल गांधी की लोकप्रियता का राज इसी में छिपा है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने इस मामले को उठाया था। यह मुद्दा उनकी दूसरी यात्रा के दौरान और ताकतवर बन गया। कांग्रेस के घोषणापत्र का प्रस्थान बिन्दु, जिसे 'न्याय पत्र' नाम दिया गया है- यही जातिगत जनगणना है। सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करने का जरिया जातिवार जनसंख्या तो है ही, आरक्षण को बनाये रखने को भी वही औचित्यपूर्ण व तर्कसंगत बनाता है। समतामूलक व न्यायपूर्ण समाज की सरंचना के लिये आरक्षण के महत्व से तो सभी अवगत थे लेकिन भाजपा तथा उसकी मातृसंस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को यह व्यवस्था कभी भी स्वीकार्य नहीं रही। 26 नवम्बर, 1950 को देश ने इस संविधान को लागू किया था। केवल 5 दिनों के बाद संघ ने अपने मुखपत्र 'ऑर्गेनाइजर' में एक लेख लिखा था जिसमें संविधान को यह कहकर अस्वीकृत किया था कि इसमें देश की परम्परागत व्यवस्था के लिये स्थान नहीं है। उसका यह भी मानना रहा है कि भारत के पास मनुस्मृति जैसी संहिता पहले से मौजूद है जिसके आधार पर देश चलना चाहिये।

संविधान के लागू होने के वक्त से ही संघ एवं उसके अनुषांगिक संगठन इस संविधान में विश्वास या श्रद्धा दोनों ही नहीं रखते आये हैं। वैसे बाद के वर्षों में इसकी बहुत सी व्यवस्थाएं व प्रावधान अपना लिये जाने के बावजूद आरक्षण का विरोध संघ, पूर्ववर्ती जनसंघ व मौजूदा भाजपा करती रही है। उसके द्वारा एक तरह से यह धारणा फैलाई गयी है कि इसके चलते अयोग्य व प्रतिभाहीन लोगों को अवसर मिलते हैं तथा प्रतिभा व योग्यता उससे वंचित रह जाती है। इसका आशय साफ तौर पर आरक्षण के जरिये शिक्षा, नौकरियों तथा प्रतिनिधि सभाओं में बहुजनों, पिछड़ों, आदिवासियों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों आदि को मिलने वाले अवसरों से होता है।

दो बार केन्द्र में सरकार बनाने के बाद तीसरी मर्तबा पूर्ण बहुमत हासिल करने हेतु अपने दम पर 370 तथा एनडीए के जरिये 400 सीटें पाने का लक्ष्य भाजपा की संविधान बदलने की मंशा से जुड़ा है। जब चुनाव प्रचार हुआ तब भाजपा एवं उसके नेता व उम्मीदवार इस नारे को जोर-शोर से उठाते थे, लेकिन जब उन्होंने पाया कि प्रतिकार स्वरूप कांग्रेस व इंडिया आरक्षण बचाने के लिये मजबूती से खड़े है; और जनता उनका साथ भी दे रही है तो भाजपा के हाथ-पांव ढीले पड़ गये। कांग्रेस-इंडिया ने एक कुशल रणनीति के तहत आरक्षण बचाने की लड़ाई को संविधान व लोकतंत्र बचाने की लड़ाई बना दिया है। इसके कारण लोकसभा चुनाव में उसे बढ़त मिलती दिखाई दे रही है। अब भाजपा के पास इसके अलावा कोई चारा नहीं रह गया है कि वह लोगों को सफाई देती फिरे कि संविधान नहीं बदला जाएगा। उसे कहना पड़ रहा है कि आरक्षण जारी रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हों या गृह मंत्री अमित शाह या अन्य नेतागण- हर चुनावी सभा में कहते सुनाई पड़ रहे हैं कि यह कांग्रेस व इंडिया का फैलाया गया झूठ है।

वैसे भाजपा द्वारा तीसरी बार केन्द्र की सत्ता हासिल होने पर उसके द्वारा संविधान खत्म करने की आशंका को इसलिये बल मिला कि खुद उसके कई नेता कह चुके हैं कि मोदी को इसलिये 400 सीटें चाहिये क्योंकि उन्हें संविधान बदलना है। अनंत हेगड़े, मेरठ से उसके प्रत्याशी अरूण गोविल, लल्लू सिंह, ज्योति मिर्धा आदि इस आशय का बयान दे चुके हैं। लोग तो अब यह भी कहने लगे हैं कि अगर भाजपा का ऐसा कोई इरादा नहीं है तो उसने ऐसा बयान देने वाले उपरोक्त नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की।

भाजपा की पतली हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब खुद संघ प्रमुख मोहन भागवत यह कहने के लिये उतर पड़े हैं कि 'समाज में जब तक भेदभाव है, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिये।' हैदराबाद में एक कार्यक्रम में तो उन्होंने यह भी मान लिया है कि 'देश में भेदभाव चाहे ऊपर से दिखलाई न दे परन्तु यह मौजूद है।' यदि कोई सोचे कि संघ में वैचारिक परिवर्तन आया है और वह उदार हो चला है, तो उसे यह गलतफहमी दूर कर लेनी चाहिये। संविधान विरोध के चक्कर में आरक्षण का लाभ पाने वाले वर्ग व उसकी महत्ता जानने वाले यदि भाजपा के खिलाफ गये तो चुनाव के सम्भावित परिणाम की कल्पना से दहशत में आने की यह घबराहट है।

## बढ़ती असमानता पर बहस से बचाव के लिए कांग्रेस घोषणापत्र की विकृत आलोचना

– नित्य चक्रवर्ती

महत्वपूर्ण बात यह है कि विकासशील देश भी वंचितों के लिए अतिरिक्त धन उपलब्ध कराने के लिए अमीरों पर अधिक कर लगाने की संभावना पर चर्चा कर रहे हैं। जी-20 के अध्यक्ष के रूप में ब्राजील ने वैश्विक स्तर पर मौजूदा दौर में अमीरों और गरीबों के बीच असमानता के स्तर को कम करने के लिए अत्यधिक धनियों पर वैश्विक कर लगाने का प्रस्ताव रखा है।

इस पर आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी भी आम लोगों, विशेषकर हिंदुओं से उनके सोने, अचल संपत्ति और अन्य कड़ी मेहनत से कमाई गई संपत्ति को कांग्रेस पार्टी द्वारा लूटने और उसे पुनर्वितरण करने की योजना का आरोप लगाते हुए राहुल गांधी के खिलाफ अपना अभियान जारी रखे हुए हैं। प्रधानमंत्री उस बात के आधार पर आरोप लगा रहे हैं जो कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र में नहीं है।

वह अठारह साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के एक भाषण को शरारतपूर्ण ढंग से तोड़-मरोड़कर मुसलमानों के पक्ष में धन के पुनर्वितरण के मुद्दे को लगातार ला रहे हैं। केवल वही नहीं, अमित शाह, राजनाथ सिंह और अनुराग ठाकुर जैसे अन्य वरिष्ठ नेता भी अधिक प्रतिशोध के साथ अपने नेता का अनुसरण कर रहे हैं। अब यह स्पष्ट है कि इस प्रकार का सांप्रदायिक प्रचार वर्तमान लोकसभा चुनाव के शेष पांच चरणों में भाजपा के चुनाव अभियान की मुख्य विशेषता होगी।

लेकिन क्यों? भाजपा एक बड़ी पार्टी है जिसमें कई सदस्य हैं जो उच्च शिक्षित हैं और कांग्रेस के घोषणापत्र में वास्तव में क्या लिखा है और राहुल गांधी अपने अभियान में क्या कह रहे हैं उसे भली-भाति जानते हैं। भाजपा का 2024 का चुनाव घोषणापत्र 14 अप्रैल को जारी किया गया था और आम तौर पर यह भाजपा के अभियान का मुख्य फोकस होना चाहिए था जिसका लक्ष्य इस बार – 400 पार है। लेकिन मजे की बात है कि दूसरे चरण के चुनाव के बाद पिछले कुछ दिनों में प्रधानमंत्री अपनी सभी चुनावी सभाओं में भाजपा के संकल्प पत्र की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि वह कांग्रेस के घोषणापत्र के अलिखित हिस्से की बात कर रहे हैं और मुसलमानों को भविष्य में इसके लाभार्थी के रूप में पेश कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री द्वारा प्रचार अभियान की शैली में यह अचानक बदलाव इस तथ्य के कारण हो सकता है कि प्रधानमंत्री और उनके सलाहकार इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि संकल्प पत्र में दी गयी मोदी की गारंटी काम नहीं कर रही है, बल्कि कांग्रेस के घोषणापत्र में दी गयी राहुल की गारंटी अधिक आकर्षक है। इसके अलावा, भाजपा शासन के पिछले दस वर्षों में बढ़ती असमानता का मुद्दा हिंदू मतदाताओं के मन में है, और इसलिए कांग्रेस के घोषणापत्र के कार्यक्रम गैर-अमीर हिंदुओं के लिए अधिक अनुकूल हैं। इसलिए प्रधानमंत्री असमानता के मुद्दे पर बहस से बचने के लिए कांग्रेस या इडिया गुट पर सांप्रदायिक पुनर्वितरण के माध्यम से अल्पसंख्यकों के कथित तुष्टिकरण की ओर माहौल को मोड़ना चाहते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि विकासशील देश भी वंचितों के लिए अतिरिक्त धन उपलब्ध कराने के लिए अमीरों पर अधिक कर लगाने की संभावना पर चर्चा कर रहे हैं। जी-20 के अध्यक्ष के रूप में ब्राजील ने वैश्विक स्तर पर मौजूदा दौर में अमीरों और गरीबों के बीच असमानता के स्तर को कम करने के लिए अत्यधिक धनियों पर वैश्विक कर लगाने का प्रस्ताव रखा है। भारत पिछले साल जी-20 का अध्यक्ष था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अप्रैल/मई 2024 में होने वाले आम चुनावों की पूर्व संध्या पर भारतीयों को प्रभावित करने के लिए अपनी अध्यक्षता कार्यकाल का बड़ा प्रदर्शन किया, लेकिन उन्होंने ब्राजील की तरह कोई पहल नहीं की।

वकालत समूह टैक्स जस्टिस नेटवर्क के 2023 के एक अध्ययन के अनुसार, टैक्स हेवेन के कारण दुनिया भर के देशों को अगले दशक में कर राजस्व में 4.8 ट्रिलियन (3.8 ट्रिलियन) तक का नुकसान हो सकता है। इन पनाहगाहों को वैश्विक कंपनियों और उनमें से कई भारत के अमीरों द्वारा संरक्षण प्राप्त है। इस साल की शुरूआत में ईयू टैक्स ऑब्जर्वेटरी की एक रिपोर्ट में पाया गया कि दुनिया भर के अरबपतियों पर प्रभावी कर दरें उनकी संपत्ति के 0 प्रतिशत से 0.5 प्रतिशत के बीच हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि महामारी के वर्षों के दौरान, जबकि गरीबों और अन्य लोगों को नुकसान उठाना पड़ा और अनेकों की मृत्यु हो गयी,बड़ी कंपनियों और अमीर व्यक्तियों की कमाई काफी बढ़ गयी। वास्तव में महामारी के वर्षों में असमानता और अधिक बढ़ जाती है। भारत के लिए, अति अमीरों पर विशेष कर लगाना समुचित है क्योंकि इस साल जनवरी में जारी नवीनतम ऑक्सफैम रिपोर्ट सहित सभी हालिया रिपोर्टों से पता चलता है कि असमानता लगातार बढ़ रही है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट के अनुसार, भारत केवल पांच हाथों में बढ़ती औद्योगिक एकाग्रता का सामना कर रहा है, और अरबपतियों, निजी इक्विटी फंडों और क्रोनी पूंजीपतियों को समृद्ध कर रहा है, जिससे लोगों के बीच अभूतपूर्व स्तर की असमानताएं और गरीबी बढ़ रही है।

## मतदान प्रतिशत बढाने को प्रशासन सक्रिय

**छात्र-छात्रायें अभिभावकों को दें जोर**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव मतदान तिथि 20 मई को अधिक से अधिक मतदान कराने की गरज से जिला प्रशासन के प्रयास जारी है। नोडल अधिकारी स्वीप/सीडीओ अमृतपाल कौर ने जिले के सीबीएसई बोर्ड व यूपी बोर्ड के माध्यमिक व बेसिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक में निर्देश दिये कि सभी छात्र- छात्राओं के अभिभावकों के साथ बैठक कर मतदान को प्रेरित करें। गुरुवार को हुई बैठक में सीडीओ ने कहा कि बूथों में मिलने वाली सुविधाओं शुद्ध पेयजल, छाया, प्राथमिक चिकित्सा, शौचालय की भी लोगों को जानकारी दें। कहा कि शिक्षक की भूमिका समाज को बदलने की होती है। शिक्षक की हर बात छात्र-छात्रायें मानते हैं। माता-पिता अभिभावकों से शिक्षकों की बात मनवाते भी हैं। इनसे अच्छा कोई और माध्यम नहीं हो सकता। लोकतंत्र के पर्व में सभी की भागीदारी तय करने को अभिभावकों को मतदान को प्रेरित किया जाये। छोटे-छोटे प्रयास से बड़े कार्य होते हैं। जिले के सभी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावक इस अधिकार का प्रयोग करेंगे व अन्य मतदाताओं को जागरूक करेंगे तो चुनाव आयोग के 70 फीसदी से अधिक मतदान का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। ये जिले के लिए गौरव की बात होगी। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र, बीएसए लवप्रकाश यादव, खंड शिक्षा अधिकारी अतुलदत्त तिवारी, शिक्षक सुरेश प्रसाद समेत प्रधानाचार्य मौजूद रहे।



बैठक में निर्देश देती सीडीओ।

## 43 लीटर महुआ शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपित त्रिपाठी ने संदीप कुमार पुत्र राममूरत शिवरामपुर के कब्जे से 43 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपित त्रिपाठी, दरोगा यूटी कुंवर प्रखर सिंह व सिपाही श्यामू शामिल रहे।

## शान्तिपूर्ण चुनाव को एएसपी ने की गश्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अगुवाई में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाये रखने की गरज से चौकी सीतापुर क्षेत्र रामघाट में पैदल गश्त किया।

बुधवार को देर शाम एएसपी ने पुलिस बल के साथ एमपी-यूपी सीमा पर निर्मोही अखाड़ा पर संदिग्ध वाहनों की जांच की। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जगह-जगह जांच की जा रही है। एएसपी ने पुलिस बल के साथ चौकी सीतापुर रामघाट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया। एमपी-यूपी सीमा पर संदिग्ध वाहनों की जांच की। जांच टीमों ने दुकानदारों, व्यापारियों व क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिया। पैदल गश्त दौरान चौकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी आदि पुलिस बल मौजूद रहे।



गश्त करते एएसपी।

## भाजपा प्रत्याशी करेंगे पराजय का सामना: भैरों

**अखंड भारत संदेश**



पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र।

**चित्रकूट।** भाजपा के पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने भाजपा प्रत्याशी व मौजूदा जनप्रतिनिधियों पर आरोप लगाया कि जनता न खुश है। गुरुवार को भाजपा पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने आरोप लगाया कि भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने जिला पंचायत सदस्य अशोक जाटव व नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता के साथ मिलकर लूट-खसोट कर रहे हैं। निजी स्वार्थ को भाजपा प्रत्याशी व उनके चंगू-मंगू साथियों ने लोगों को अपमानित और प्रताडित किया है। जनता में उनके प्रति आक्रोश है। इस आक्रोश को देखकर वे भाजपा प्रत्याशी का प्रचार नहीं कर रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी व चंगू-मंगू साथियों के कारनामों से बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट में पराजय का सामना करना पड सकता है।

## खामोश मिजाजी जीने नहीं देगी, जीना है तो कोहराम मचा दो

**72 साल के लोकतंत्र का सरमाया है खामोश मतदाता**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ये खामोश मिजाजी तुम्हें जीने नहीं देगी, जीना है तो कोहराम मचा दो- शायर की ये पंक्तियां 72 साल के लोकतंत्र के खामोश मतदाता को जागरूक करने को काफी हैं। मतदाताओं की खामोशी फिर भी टूटने का नाम नहीं ले रही। ज्यादातर मतदाता ये कहकर पल्लू झाड़ लेते हैं कि वे कुछ टिप्पणी नहीं करेंगे।

हकीकत ठीक विपरीत है। मतदाता अंर्तमन पर ठप्पा लगाने की जगह तलाश चुके हैं। उगलने के नाम पर इस कदर गांठ मारे बैठे हैं, जैसे उनका गड़ा धन पूंछा गया हो। चुनाव दौरान होली पर्व पर जिस अंदाज में बच्चों ने हिंसक प्रतीकों से होली खेली है, उससे साफ संकेत गया है कि जंगली क्षेत्र के गांवों से सटे मतदाताओं की खामोशी का लाभ पाठा में सक्रिय नव सामन्तवाद उठाने में चूक नहीं करेंगे। इसी वजह से मतदाताओं की खामोशी की वजह खंगालने पर पता चला कि ये चुनाव भी क्षेत्रवार व जातिवाद की भेंट चढ़ेगा। लोगों में चुनाव दौरान रंजिश का ठन जाना बाद में त्रस्त होकर जान से हाथ धोना आदि चुनावी इतिहास पर दर्ज है। मतदाताओं के जेहन में घुसा ये डर नाजायज नहीं है। लिहाजा राजनीति में अपराध की गहराती जड़ों में मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महादान में गूंगा बनने को अभिशप्त कर दिया है।

इस सत्य के खुलासे से जंगली क्षेत्र के मतदाताओं से लेकर दौलतमंद मतदाता भी वाकिफ हैं। बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट से भाजपा, सपा, बसपा के प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं। प्रत्याशियों ने गर्मजोशी से मतदाताओं से मिलना शुरू कर दिया है। मतदाता किसी प्रत्याशी को नब्ज देने में कतरा रहे हैं। घर का बुजुर्ग जिस निशान पर ठप्पा लगाता आ रहा है, इस चुनाव में जरूरी नहीं कि परम्परागत ढंग से नई पीढ़ी भी वहीं ठप्पा लगाये। नई पीढ़ी के मतदाताओं की खामोशी चुनाव में नया गुल खिलाये तो लोगों को ताज्जुब नहीं होना चाहिए। नई पीढ़ी का मतदाता पुरानी पीढ़ी के मतदाताओं से ज्यादा होशियार दिखता है। वे अत्याधुनिक संसाधनों का भी उपयोग कर आजादी के बाद नेताओं ने उन्हें क्या दिया, इस पर चिंतन कर रहे हैं। नई पीढ़ी के मतदाता नाम-पता बताने में संकोच नहीं कर रहे। पुरानी पीढ़ी के मतदाता नाम न छापने की बात पर कुछ बोलने को तैयार होते हैं। ऐसे मतदाताओं ने बताया कि शहरों में चैखट तक ही नाता रहने से विषम हालात नहीं होते। जैसे गांवों के मतदाताओं के सामने होते हैं। पुरुष वर्ग के मतदाता चुनाव बाबत कुछ बोलने को तैयार होते हैं। महिलायें आज भी पल्लू की ओट लेने में चूक नहीं करतीं। प्रत्याशियों की गांवों में होने वाली नुक्कड़ सभाओं में भी महिलाओं की तादाद न के बराबर होती है। इस बार भी लोकसभा चुनाव क्षेत्रवाद व जातिवाद के ही मुद्दे पर लड़ा जाये तो लोगों को ताज्जुब नहीं होना चाहिए। फिलहाल भाजपा प्रत्याशी ही चित्रकूट जिले का है। सपा-कांग्रेस व बसपा प्रत्याशी बांदा के हैं। लोकसभा में ज्यादातर प्रत्याशी चित्रकूट क्षेत्र के ही संसद में प्रतिनिधित्व करते आये हैं। 72 साल के लोकतंत्र में मतदाताओं की खामोशी का न टूटना कुछ बेहतर संकेत नहीं दे रहा है।

## बाइक सवारों ने ठोकर मार युवक को किया घायल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** तेज रफ्तार बाइक सवार युवकों ने सामने से बाइक से आ रहे युवक को ठोकर मारकर भाग गये। युवक को गम्भीर दशा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। ये हादसा बुधवार की शाम पांच बजे हुआ। बताया गया कि रैपुरा थाने के धौहाई पुरवा के आशीष कुमार पुत्र रामसंवारे बाइक से गांव से देउंधा जा रहा था। सामने से मइयादीन पुत्र रामकिशन, संदीप पुत्र समयलाल समेत तीन लोग इटवा की ओर से आ रहे थे। रास्ते में चमरुआ पुरवा के पास तेज रफ्तार बाइक चालक संदीप ने सामने से आ रहे आशीष कुमार की बाइक में ठोकर मार दी। आशीष सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। तीनों बाइक सवार मौके से भाग निकले। मौजूद ग्रामीणों ने घायल आशीष को इलाज को सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर भेजा। गम्भीर दशा में डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में मानिकपुर पुलिस ने धोखाधड़ी कर शादी का झांसा देकर घर में बंधक बनाकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर टेबलेट व नकदी लेने वाले को दबोचा है।

ज्ञात है कि तीस अप्रैल को मप्र के सुजौनी थाना पिछौर जिला शिवपुरी के शिवकान्त शर्मा पुत्र रामनिवास ने थाने में दी तहरीर में कहा कि डांडी चमरौड़ी में उसके साथ धोखाधड़ी कर शादी का झांसा देकर घर में बंधक बनाकर मारपीट, गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर टेबलेट व नकदी ले लिया है। पुलिस ने मामला दर्जकर दरोगा मुकेश सिंह परिहार को जांच सौंपी। दरोगा ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा बांध से राजनरायन पुत्र स्व मोतीलाल डांडी चमरौडी मजरा चुरेह केसरुआ को गिरफ्तार किया। जामा तलाशी में चाकू बरामद किया। निशानदेही पर घर से टेबलेट व 25 सौ रुपये तथा वादी के कपड़े बरामद किये। टीम में दरोगा मुकेश सिंह परिहार, दरोगा राजोल नागर, सिपाही दीपेश यादव, अजीजुद्दीन, दीपक कुमार व अंकित राजपूत शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## आबकारी आरोपी को हुआ पांच सौ जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार व पैरोकार आकाश कुमार यादव की पैरवी से न्यायालय ने आबकारी अधिनियम के आरोपी को पांच सौ रुपये के जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया है।

गुरुवार को सहायक अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय सिविल जज (सीडी)/ एफटीसी सुश्री सोनम गुप्ता ने राजापुर थाने में दर्ज आबकारी अधिनियम के आरोपी राकेश सोनकर पुत्र समोखे सोनकर हनुमानगंज को पांच सौ रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया है।

## मऊ में लगी आग से एक दर्जन घर स्वाहा

**घरों में रखी सभी सामग्री जली**

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** नगर पंचायत मऊ के धवाड़ा मजरा कोल्हुवा में अज्ञात कारणों से लगी आग से एक दर्जन घरों की गृहस्थी का सामान समेत लाखों की सामग्री जलकर राख हो गई।

ये अग्निकांड गुरुवार को सवेरे साढ़े आठ बजे हुआ। बताया गया कि अज्ञात कारणों से धवाड़ा मजरा कोल्हुवा में लगी आग ने देखते-देखते विकराल रूप धर लिया। घरों में लगी आग से गांव में हड़कंप मच गया। आग के विकराल रूप को देखते ही अफरा-तफरी मच गई। आग बुझाने को लोग दौड़ पड़े। विकराल रूप धारण किये आग को बुझाने को ग्रामीणों ने ट्यूबवेल का सहारा लिया। प्रशासन को सूचित किया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अजीत कुमार पांडेय पुलिस बल व दमकल समेत मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझ सकी। एसडीएम राकेश कुमार पाठक व तहसीलदार विजय कुमार यादव ने आग से प्रभावित ग्रामीणों को सरकार से अनुमन्य मदद दिलाने का भरोसा दिया। मऊ लेखपाल अरबाज सिद्दीकी ने बताया कि आग से एक दर्जन घरों के लोग प्रभावित हुए हैं। जिनमें लल्लू पुत्र माताबदल, शिवशंकर पुत्र माताबादल, भइयन पुत्र माताबदल, ओम प्रकाश पुत्र शिवमूरत, कमलेश पुत्र शिवमूरत, भोला पुत्र शिवमूरत, कामता पुत्र शिवमूरत, बुधिया पत्नी स्व शिवमूरत, गंगा प्रसाद पुत्र द्वारिका प्रसाद, गोविंद प्रसाद पुत्र द्वारिका प्रसाद, राजाराम पुत्र द्वारिका प्रसाद, सुंदर पुत्र पृथ्वीपाल हैं। प्रशासन उचित मुआवजा देने को विधिक कार्रवाई कर रहा है।



आग बुझाते ग्रामीण।

## दम्पति में प्राधिकरण ने कराई सुलह



सुलह के बाद दम्पति।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अगुवाई में मध्यस्थता केन्द्र में दम्पति के बीच विवाद के मामले को समाप्त कराया। दोनों को सुलह बाद घर भेजा।गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के यहां दीक्षा पटेल उर्फ काजल बनाम रोहित पटेल का मामला 498ए, 323, 506 आईपीसी व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम व धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के मामले चल रहे थे। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने पत्रावलियों को सुलह-समझौते से मध्यस्थता केन्द्र में अधिवक्ता रविशंकर शुक्ला ने पत्रावलियों को सुलह-समझौते को पेश किया। प्रयास से दोनों पक्ष सुलह बाद साथ रहने को सहमत हो गए। सुलहनामा दाखिल किया। दोनों पक्षों के परिजनों ने भी सुलह में सहयोग किया।

## राम के नाम पर मांगे जा रहे वोट?

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र में इस बार चुनाव का नजारा बदला-बदला सा नजर आ रहा है। प्रत्याशियों के बीच मुद्दे नदारद हैं। कोई भी प्रत्याशी मुद्दों पर चुनाव लडता नहीं दिख रहा। अनुमान है कि सूरत-इन्दौर व खजुराहो जैसी स्थिति बांदा-लोकसभा चुनाव में भी न दोहरायी जाये?

बिना मुद्दों के लोस चुनाव में प्रत्याशी एक-दूसरे से खुद को अच्छा साबित करने में लगे हैं। सपा-कांग्रेस गठबंधन के पास अवश्य मुद्दे हैं, जबकि प्रत्याशी के पास भी वही मुद्दे हैं। भाजपा व बसपा प्रत्याशी के पास कोई मुद्दा नहीं है। सिर्फ राम के नाम पर वोट मांगे जा रहे हैं। आस्था-श्रद्धा के नाम पर वोट मांगते नजर आ रहे हैं। हर तरफ राग अलापे जा रहे हैं कि राम को लाये हैं, तो वोट चाहिए। राजनीति अब नैतिकता की नहीं रही। हालात बिलकुल बदल गये हैं। एक समय था कि राजनैतिक दल विकास के मुद्दों व आम जनता से जुड़े सवालों पर वोट मांगते थे। अब धर्म की राजनीति ने माहौल खराब कर दिया है। कोई जाति के नाम पर तो कोई धर्म के नाम पर वोट मांगते दिख रहे हैं। एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के भी दौर शुरु होने वाले हैं। प्रत्याशियों को आशंका है कि सूरत-इन्दौर व खजुराहो जैसी स्थिति का भी उन्हें सामना करना पड सकता है। सचेत होकर वे अपनी पत्नियों के नाम पर भी नामांकन करा रहे हैं।

## पेयजल को भटक रहे फरियादी

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील आने वाले फरियादियों समेत स्टाम्प वेंडर शुद्ध पेयजल को दर-दर भटक रहे हैं। गुरुवार को मानिकपुर तहसील में आने वाले फरियादियों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा। तहसील परिसर में छत पर रखी टंकियों की वर्षों से सफाई न होने से लगी काई युक्त गर्म पानी पीने को लोग मजबूर हैं। वाटर कूलर शोपीश बना है। उसमें कभी पानी नहीं आता। संबंधित अधिकारियों के ध्यान न देने से वाटर कूलर को ठीक नहीं कराया जा रहा। कुछ दिन ठीक रहता है तो फिर खराब हो जाता है। कोई ध्यान नहीं देता। तहसील परिसर में मौजूद लोग शुद्ध पेयजल को भटक रहे हैं। मजबूरी में काईयुक्त टंकी का गर्म पानी पीकर बीमार हो रहे हैं। फरियादियों ने सवाल उठाया कि मानिकपुर में कब लोगों को शुद्ध पेयजल सुलभ होगा।

## शातिर चोर दबोच चार फोन हुए बरामद

**मानिकपुर/चित्रकूट।** राजकीय रेलवे पुलिस ने रेलगाड़ियों में चोरी करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। चोर के कब्जे से चार मोबाइल फोन बरामद किये हैं। गुरुवार को मानिकपुर जीआरपी थाना प्रभारी दिलीप कुमार मिश्रा ने बताया कि झांसी रेलवे पुलिस अधीक्षक विपीन कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर चोरी, लूट, जहरखुरानी पर अंकुश लगाने को अभियान जारी है। रेलवे पुलिस उपाधीक्षक नईम खान मंसूरी की देखरेख में गठित टीम में मानिकपुर जीआरपी थाना प्रभारी दिलीप कुमार मिश्रा, दरोगा अतुल गौतम, दीवान गौरव सिंह व सिपाही इमरान खान ने गुरुवार को पनहाई रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर एक से बक्सर जिले के मुरार थाने के चैगाई गांव के राजाबाबू महतो को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.60 लाख कीमत के चार फोन बरामद किये। आरोपी ने बताया कि चलती रेलगाडी व स्टेशन में रेल यात्रियों के मोबाइल फोन व अन्य सामान चुरा लेता है।

## सीओ ने सर्राफा व्यापारियों को दी सलाह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने कस्बे के सर्राफा व्यापारियों के साथ गोष्ठी कर हो रही घटनाओं के मद्देनजर जेवरात-नकदी लेकर चलते समय सतर्कता बरतने व चारपहिया वाहन का प्रयोग करने की सलाह दी।

गुरुवार को सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने सर्राफा व्यापारियों के साथ थाने में हुई बैठक में कहा कि बाइक पर नकदी-जेवर लेकर अकेले सफर न करें। कम से कम दो लोग एक साथ हों। अपनी-अपनी दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवायें। दुकानों के बाहर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करायें। सर्राफा बाजार में पहले की भांति पुलिस चैकी की व्यवस्था बनायें। बैठक में निरीक्षक अपराध राजापुर विनोद कुमार सरोज व कस्बे के सर्राफा व्यापारी मौजूद रहे।



व्यापारियों को सलाह देती सीओ।

## मऊ के हटवा में आग से एक घर की सामग्री जली

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ तहसील के हटवा गांव में बुधवार की रात तीन बजे अचानक आग लगने से एक घर जल गया। हटवा गांव के किसान रामपाल पुत्र बदला ने बताया कि वह रात में घर के बाहर सो रहा था। तीन बजे अचानक उसके घर में आग लग गई। हो-हल्ला होने पर घर के सदस्यों को बाहर निकाला। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। किसान रामपाल ने बताया कि अचानक लगी आग से घर-गृहस्थी का सभी सामान जल गया। उसे भारी क्षति हुई है। लेखपाल विजयबाबू त्रिपाठी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर कहा कि पीड़ित किसान को प्रशासन उचित मदद देगा।



आग की जानकारी देता किसान रामपाल।

# अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में फिलिस्तीन समर्थकों ने भवनों पर कब्जा किया, पुलिस बुलानी पड़ी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक भवनों में फिलिस्तीन समर्थकों ने कब्जा कर लिया है। हालात को काबू करने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी है। पुलिस ने हिंसा से निपटने के लिए सैकड़ों फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। अमेरिका के प्रमुख समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में हालात की भयावहता पर विस्तार से चर्चा की है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी शैक्षणिक परिसरों में बढ़ती हिंसा से निपटने के लिए पुलिस बुलाई गई है। लगभग सारे अमेरिका में यही हालात है। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने डेरा डाल दिया है। कई शैक्षणिक भवनों को अपने कब्जे में ले लिया है। वह यहां से हटने के लिए तैयार नहीं हैं। इन परिसरों में पुलिस दाखिल हो चुकी है। लॉस एंजिल्स का कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय हिंसक झड़पों का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 200 प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने उस भवन को निशाना बनाया जहां फिलिस्तीनी समर्थक जमे हुए हैं। इस समूह ने भवन को गिराने का प्रयास किया। यहां कई घंटे तक दोनों पक्षों में भीषण टकराव हुआ। दोनों पक्ष भिड़ गए और



एक-दूसरे पर रसायनों का छिड़काव किया।

इस हालात पर मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि न्यूयॉर्क में लगभग 300 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें कोलंबिया के छात्र भी शामिल हैं। कोलंबिया स्कूल के अध्यक्ष ने पुलिस से स्नातक स्तर की पढ़ाई पूरी होने तक परिसर में रहने का आग्रह किया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग दो सप्ताह में अमेरिकी परिसरों में 1,600 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है।

## यूरोप के लिए क्यों ऐतिहासिक है 1 मई 2004 की तारीख

1 मई 2024 को यूरोपीय संघ (ईयू) में अब तक हुए सबसे बड़े विस्तार की 20वीं सालगिरह है. ठीक दो दशक पहले 1 मई 2004 को ईयू में 10 नए सदस्य शामिल हुए और सदस्य देशों की संख्या 15 से बढ़कर 25 हो गई.

साल 2004 में हुए ईयू के चौथे विस्तार में सदस्यता पाने वाले नए देश थेः साइप्रस, चेक रिपब्लिक, एस्टोनिया, लिथुआनिया, लातविया, हंगरी, माल्टा, पोलैंड, स्लोवाकिया और स्लोवेनिया. इन देशों की आबादी साथ जोड़ें, तो ईयू में करीब साढ़े सात करोड़ नए नागरिक जुड़े. नवंबर 1989 में बर्लिन की दीवार गिरने से शीत युद्ध के लंबे दशकों का विभाजन खत्म करने की दिशा में एक ऐतिहासिक मोड़ आया था. इसके 15 साल बाद 2004 में हुआ ईयू का विस्तार पूर्वी यूरोप के साथ मतभेद पाटने के क्रम में बड़ी उपलब्धि माना जाता है.

**वर्षगांठ मनाने जर्मन राष्ट्रपति पहुंचे प्राग**

इस ऐतिहासिक विस्तार की सालगिरह मनाने जर्मनी के राष्ट्रपति फ्रांक-वाल्टर श्टाइनमायर चेक रिपब्लिक की राजधानी प्राग पहुंचे हैं. उन्होंने इस विस्तार को याद करते हुए इसे "यूरोप में खुशी का मौका" बताया. 29 अप्रैल को चेक रिपब्लिक के राष्ट्रपति पेत्र पवेल के साथ की गई एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्टाइनमायर ने कहा, "मेरा मानना है कि उस समय यूरोपीय संघ में हुआ विस्तार यूरोप में हुए महत्वपूर्ण और सफल बदलाव का एक बेहद प्रभावशाली उदाहरण है. यूरोप आखिरकार शीत युद्ध के कारण हुए अलगाव पर जीत हासिल कर पाया." उन्होंने आगे कहा, "मुझे यकीन है कि ईयू की सदस्यता ने चेक रिपब्लिक को बदला है, साथ ही चेक रिपब्लिक भी ईयू में बदलाव लाया है." ईयू में आगे और विस्तार की संभावनाओं में जर्मनी के सामरिक हितों को रेखांकित करते हुए श्टाइनमायर ने कहा, "पश्चिमी बालकन देश, यूक्रेन, मोल्डोवा और जॉर्जिया के ईयू में शामिल होने की संभावनाओं का जर्मनी समर्थन करता है."

**जर्मन विदेश मंत्री ने भी किया विस्तार का समर्थन**

जर्मनी की विदेश मंत्री अनालेना बेयरबॉक ने भी नए आवेदक देशों को सदस्यता देने की प्रक्रिया तेज करने की अपील की है. 2004 के ईयू विस्तार की 20वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बेयरबॉक ने कई यूरोपीय अखबारों के लिए एक लेख लिखा है. इसमें जर्मनी का मत रखते हुए उन्होंने लिखा, "बालकन और ईयू के पूर्वी इलाकों में राजनीतिक और भौगोलिक मामलों में अस्पष्टता बेहद खतरनाक है. हम इन संदेहास्पद स्थितियों का जोखिम नहीं उठा सकते क्योंकि ये पुतिन के लिए दखल देने और अस्थिर करने का आमंत्रण हैं." अल्बानिया, बोस्निया-हजेर्गोविना, कोसोवो, मोंटेनेग्रो, उत्तरी मैसिडोनिया और सर्बिया, ये सभी पश्चिमी बालकन देश हैं। रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद बदली परिस्थितियों के संदर्भ में बेयरबॉक ने लिखा, "अगर यह बात पहले स्पष्ट नहीं थी, तो यूक्रेन पर रूस के हमले ने साफ कर दिया है कि ईयू में विस्तार करना भूराजनैतिक रूप से बेहद अहम है." जर्मनी ईयू में नए सदस्य देशों को शामिल किए जाने का समर्थक है7 नवंबर 2023 में एक यूरोपीय सम्मेलन के दौरान भी विदेश मंत्री बेयरबॉक ने ईयू में विस्तार को भूराजनैतिक दृष्टि से जरूरी बताया था. उन्होंने ईयू में सुधारों की वकालत करते हुए कहा था, "आकार में बढ़ने का मतलब यह नहीं कि अपने-आप ताकतवर भी हो जाएंगे. हम ऐसा तब ही कर पाएंगे, जब हम ऐसे सुधार करें जो ईयू के भीतर हमारी व्यवस्थाओं और बुनियादों को मजबूत करें." साथ ही, बेयरबॉक ने आगाह किया था कि विस्तार का मतलब साझा मूल्यों से समझौता करना नहीं है. उन्होंने रेखांकित किया कि लोकतंत्र और कानून-सम्मत शासन हमेशा ही ईयू के सबसे आधारभूत तत्वों का हिस्सा बना रहेगा.

**क्यों खास था 2004 का विस्तार**


2004 का विस्तार इस मायने में भी अहम है कि इसमें भूतपूर्व ईस्टर्न ब्लॉक के देश ईयू के साथ आए. शीत युद्ध के दौर में "ईस्टर्न ब्लॉक" का आशय सोवियत संघ, मध्य और पूर्वी यूरोपीय देशों से था. इनमें ऐसे देश भी थे, जहां 1980 और 1990 के दशक में बड़े स्तर पर हुए आंदोलनों और जनअभियानों ने सोवियत संघ से अलग होने और अधिनायकवादी सत्ता से बाहर निकलने की रूपरेखा तैयार की थी. इसे लिथुआनिया के उदाहरण से देखें, तो यहां राजधानी विलनियस में सोवियत से संबंध तोड़ने और आजाद होने के लिए बड़े स्तर पर जन प्रदर्शन हुए.।

## फलस्तीन समर्थन में कोलंबिया विश्वविद्यालय और सिटी कॉलेज में विरोध प्रदर्शन करने पर 300 लोग गिरफ्तार

**लॉस एंजिलिस।** कोलंबिया विश्वविद्यालय और सिटी कॉलेज में फलस्तीन समर्थकों के प्रदर्शन करने पर पुलिस कार्रवाई में लगभग 300 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने यह जानकारी दी।

लॉस एंजिलिस स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूसीएलए) में बुधवार को फलस्तीन समर्थक और इजराइल समर्थक समूहों के बीच झड़प हो गई। फलस्तीन समर्थक और इजरायल समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच रात भर यूसीएलए परिसर में हिंसक झड़प हुई और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए दंगा रोधी साजो-सामान के साथ पुलिस पहुंची। लोगों ने एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकी। लाठियों से लैस कुछ लोग दूसरों को पीटते नजर आए। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने लोग घायल हुए हैं।

पुलिस ने पिछले दो हफ्तों में पूरे अमेरिका में अन्य परिसरों में फलस्तीन-इजराइल संघर्ष को लेकर किए जा रहे प्रदर्शनों पर भी कार्रवाई की है और करीब 1,000 से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। लॉस एंजिल्स के मेयर करेन बैस ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्व पर एक पोस्ट में हिंसा को ह्यह्यघृणित और अक्षम्यह्वह्व बताया।



कोलंबिया से कुछ ही दूरी पर, न्यूयॉर्क के सिटी कॉलेज में, प्रदर्शनकारियों की कॉलेज के मुख्य द्वार के बाहर पुलिस के साथ झड़प हुई। इस बीच, फ्लैगस्टाफ स्थित नार्थ एरिजोना यूनिवर्सिटी में दंगारोधी पुलिस ने मंगलवार देर रात प्रदर्शन स्थल को खाली करा लिया और प्रदर्शन कर रहे 20 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इससे पहले प्रदर्शनकारियों को स्थान खाली करने या कार्रवाई की चेतावनी दी थी।

## आस्ट्रेलियाई मंत्री का भारतीय जासूसों के निष्कासन पर टिप्पणी करने से इनकार

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने बुधवार को चार साल पहले दो भारतीय जासूसों को गुप्त रूप से ऑस्ट्रेलिया से निष्कासित करने के मामले में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। हालांकि, मंत्री ने कहा कि भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध अच्छे हैं और हाल के वर्षों में उनमें और सुधार हुआ है।

एक टीवी साक्षात्कार के दौरान ऑस्ट्रेलिया के वित्त मंत्री जिम चाल्मर्स से पूछा गया कि क्या दो भारतीय जासूसों के गोपनीय तरीके से निष्कासन संबंधी ह्यऑस्ट्रेलियाई न्यूज मीडियाह्व और ह्यद वाशिंगटन पोस्टह्व की खबरों के बाद भारत को ऑस्ट्रेलिया का मित्र माना जा सकता है। चाल्मर्स ने कहा, मैं किसी भी तरह से इस तरह के मुद्दों में नहीं पड़ना चाहता। उन्होंने कहा, भारत के साथ और इस क्षेत्र के अन्य देशों के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं, दोनों पक्षों के प्रयासों के परिणामस्वरूप हाल के वर्षों में यह और घनिष्ठ हुआ है और यह अच्छी बात है।

प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और विदेश मंत्री पेनी वोंग ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में भारत द्वारा कथित जासूसी के बारे में सवालों को टाल दिया और कहा कि वे खुफिया मामलों पर टिप्पणी नहीं करते हैं।

भारत ऑस्ट्रेलिया का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार है, जो चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता को कम करने की कोशिश कर रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया भी क्वाड सुरक्षा वार्ता के सदस्यों के रूप में घनिष्ठ सैन्य संबंध विकसित कर रहे हैं। क्वाड (चार पक्ष वाले सुरक्षा संवाद) में अमेरिका और जापान भी शामिल हैं।

द वाशिंगटन पोस्ट, ह्यद सिडनी मॉर्निंग हेराल्डह्व और ह्यऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पह्व ने अज्ञात सुरक्षा अधिकारियों का हवाला देते हुए जासूसों की पहचान ह्यरिसर्च एंड एनालिसिस विंगह्व के कर्मियों के रूप में की है। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय उच्चायोग ने इस संबंध में अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## इस्राएल को दी जा रही सैन्य मदद जारी रखेगा जर्मनी

**संयुक्त राष्ट्र**

संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय अदालत ने निकारागुआ द्वारा जर्मनी के खिलाफ दायर केस में फैसला सुनाया है कि वह इस्राएल को जर्मनी से मिल रही सैन्य मदद पर रोक नहीं लगाएगा.

संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने 30 अप्रैल को फैसला सुनाया कि जर्मनी, इस्राएल को सहयोग देना जारी रख सकता है. 16 जजों के पैनल ने कहा कि वह जर्मनी द्वारा इस्राएल को दिए जा रहे हथियार और अन्य मदद पर कोई रोक या सीमा नहीं लगाएगा.

फैसला सुनाते हुए आईसीजे ने कहा कि निकारागुआ ने जो स्थितियां कोर्ट के सामने पेश की हैं, वे ऐसी नहीं हैं जिनके लिए आपातकालीन कदम उठाने पड़ें. हालांकि, यह केस कोर्ट में जारी रहेगा और फैसला आने में लंबा वक्त लग सकता है.

**क्या हैं जर्मनी पर निकारागुआ के आरोप**

आईसीजे में जर्मनी के खिलाफ निकारागुआ ने यह मामला दायर किया था. उसने आरोप लगाया है कि जर्मनी ने फलीस्तीन में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून का हनन होने दिया, जो 1948 के नरसंहार समझौते का उल्लंघन है. यह समझौता 1948 में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद लाया गया था. यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करता है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हुए अत्याचार कभी नहीं दोहराए जाएंगे.

निकारागुआ के मुताबिक, जर्मनी द्वारा इस्राएल को दी जा रही सैन्य मदद उसे भी फलीस्तीनियों के खिलाफ जारी "युद्ध अपराध" में बराबर का दोषी बनाती है.



निकारागुआ ने मांग की थी कि जर्मनी तुरंत ही इस्राएल को दी जा रही मदद पर रोक लगाए, खासकर सैन्य मदद पर. निकारागुआ ने यह भी दावा किया कि जर्मनी इस बात से अनजान नहीं हो सकता कि वह इस्राएल को जो सैन्य मदद भेज रहा है, उसका इस्तेमाल गाजा में हो रहे "वॉर क्राइम" में किया जा रहा है.

**आरोपों पर जर्मनी का जवाब**

जर्मनी की कानूनी टीम की अध्यक्ष तानिया फॉन उस्लार ग्लाइशेन ने आईसीजे में निकारागुआ के आरोपों को बेबुनियाद बताया. उन्होंने आईसीजे को बताया कि जर्मनी द्वारा इस्राएल को दिए जा रहे हथियार और दूसरे सैन्य उपकरणों की संख्या और उद्देश्य के बारे में निकारागुआ ने तोड़-मरोड़ कर जानकारी पेश की है.

होलोकॉस्ट के बारे में बात करते हुए जर्मन प्रतिनिधि ने कहा, "इस्राएल की सुरक्षा जर्मनी की विदेश नीति में मूलभूत रूप से शामिल है और इसका कारण हमारा इतिहास है." ग्लाइशेन ने यह भी कहा कि जर्मनी द्वारा इस्राएल को दिए गए हथियार और दूसरे सैन्य उपकरणों की आपूर्ति "अंतरराष्ट्रीय कानूनों के दायरे में रह कर विस्तृत समीक्षा के आधार पर की गई है."

साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि 7 अक्टूबर 2023 से जर्मनी ने जो सैन्य मदद इस्राएल को भेजी है उसमें 98 फीसदी हेलमेट, वेस्ट और दूरबीन जैसी चीजें शामिल हैं. आईसीजे ने भी यह बात मानी कि नवंबर 2023 के बाद जर्मनी द्वारा इस्राएल को दी जा रही सैन्य मदद में कमी देखी गई है. मीडिया से बातचीत के दौरान ग्लाइशेन ने न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि जर्मनी अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन कर रहा है और आगे भी करता रहेगा. जर्मनी की विदेश मंत्री अनालेना बेयरबॉक ने आईसीजे के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है और जर्मनी इसी सिद्धांत पर चलता है. जर्मन विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, "जर्मनी, मध्यपूर्व के संघर्ष का हिस्सा नहीं है, बल्कि इसका उलटा है. हम दिन-रात दो राष्ट्र के समाधान की दिशा में काम कर रहे हैं. हम फलीस्तीन में मानवीय सहायता देने वाले सबसे बड़े दानकताओं में हैं."

**गाजा के हालात पर आईसीजे ने जताई चिंता**

आईसीजे ने गाजा की मौजूदा स्थितियों पर भी चिंता जताई है. हमास द्वारा संचालित इलाके के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इस्राएल की सैन्य कार्रवाई में अब तक 34,500 से ज्यादा फलीस्तीनी मारे गए हैं. मृतकों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं. मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराई गई संख्याओं को यूएन की एजेंसियां आमतौर पर विश्वसनीय मानती हैं.

गाजा में भुखमरी और दूसरी बुनियादी जरूरतों की कमी पर आईसीजे के जज नवफ सलाम ने कहा, "आईसीजे गाजा में रह रहे फलीस्तीनियों को लेकर चिंतित है. खासकर वहां के लोगों को भोजन और दूसरी बुनियादी जरूरतों से बड़े पैमाने पर वंचित होना पड़ा है."

ही में जर्मनी ने गाजा में फलीस्तीनियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एजेंसी के साथ फिर से सहयोग शुरू करने की घोषणा की थी. जर्मनी की विदेश मंत्री अनालेना बेयरबॉक कई बार गाजा में मानवीय संघर्षविराम की अपील कर चुकी हैं. बीते दिनों बेयरबॉक ने स्थायीकी उम्मीद बताते हुए कहा था, "केवल एक तत्कालीन मानवीय संघर्षविराम के रास्ते आगे बढ़ते हुए स्थायी युद्धविराम की स्थिति ही शांति की उम्मीदों को जिंदा रख सकती है, फलीस्तीनियों के लिए भी और इस्राएलियों के लिए भी." 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने दक्षिण इस्राएल में हमला किया था. इस हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर आम नागरिक थे. साथ ही, हमास ने 250 लोगों को बंधक भी बनाया. इस घटना के बाद इस्राएल और हमास के बीच युद्ध छिड़ गया, जो अब तक जारी है. जर्मनी, यूरोपीय संघ और अमेरिका समेत कई देश हमास को आतंकवादी समूह मानते हैं.

## भाजपा का चुनावी अभियान समझने के लिए नेपाल के पांच दलों के नेता दिल्ली में

**काठमांडू।** भारतीय जनता पार्टी के निमंत्रण पर चुनावी अभियान को समझने के लिए पांच दलों के नेता बुधवार को दिल्ली पहुंच गए हैं। भाजपा के विदेश विभाग ने दुनिया के कई देशों के राजनीतिक दलों के साथ नेपाल के पांच राजनीतिक दलों को भी निमंत्रण भेजा था।

नेपाल की तरफ से भाजपा के चुनावी अभियान को समझने के लिए नेपाली कांग्रेस के सांसद उदय शमशेर राणा, नेकपा एमाले की तरफ से विष्णु रिमाल, माओवादी की तरफ से मातृका यादव और जनमत पार्टी की तरफ से डॉ. जयकान्त राउत आज दिल्ली रवाना हुए।

भाजपा विदेश विभाग के प्रमुख विजय चौथाईवाले ने भाजपा के चुनावी अभियान को दिखाने और समझाने के लिए नेपाल सहित कई देशों के राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को दिल्ली बुलाया है। इन विदेशी दलों के प्रतिनिधियों को आज भाजपा मुख्यालय पर चुनावी प्रचार अभियान से जुड़े कार्यों का अवलोकन करवाया गया। आज शाम को ही विदेशी प्रतिनिधियों की भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात तय है। इसके अलावा विदेशी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात होगी।

## एयर इंडिया ने दिल्ली-दुबई रूट पर ए-350 विमान से शुरू कीं उड़ानें

**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइंस ने दिल्ली-दुबई उड़ान मार्ग पहली बार ए-350 विमान का परिचालन शुरू किया। अंतरराष्ट्रीय मार्ग पर ए-350 विमान के साथ एयर इंडिया एयरलाइन की यह पहली उड़ान है।कंपनी ने कहा कि एयर इंडिया एयरलाइन अब दिल्ली और दुबई के बीच दैनिक सेवा संचालित कर रही है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया के ए-350 विमान में 316 सीट के साथ तीन श्रेणी के केबिन हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## ईरान में महिलाओं के खिलाफ फिर तेज हुई हिंसक कार्रवाई

ईरानी नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के हालिया आदेश के बाद ह्यनैतिकता पुलिसह्व ने अपनी गश्त बढ़ा दी है. जो महिलाएं अपना सिर ढकने के लिए हेडस्कार्फ नहीं पहन रही हैं उनके खिलाफ हिंसक कार्रवाई की जा रही है.

सख्त इस्लामिक ड्रेस कोड का पालन करने से इनकार करने वाली महिलाओं पर कार्रवाई करने के लिए ईरानी अधिकारी नए सिरे से सड़क पर गश्त बढ़ा रहे हैं. ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के आदेश पर चलाए जा रहे 'नूर' नामक नए अभियान के तहत देश की ह्यनैतिकता पुलिस' तथाकथित ह्यमार्गदर्शन गश्ती' यानी पेट्रोलिंग के दौरान उन महिलाओं की तलाश करती है जो हिजाब या हेडस्कार्फ पहनने से इनकार करती हैं.

ईरान की एक 25 वर्षीय महिला ने नाम न छापने की शर्त पर डीडब्ल्यू से बातचीत में कहा कि 20 अप्रैल को विश्वविद्यालय जाते समय तेहरान में उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया था. उसने कहा कि वह दर्जनों पुलिस अधिकारियों से घिरी हुई थी जिन्होंने उससे अपने बाल ढकने को कहा. जब उसने विरोध किया, तो उसके बाल खींचकर वैन में बिठाया गया और अपशब्द कहे गए.

उस महिला ने बताया, "उस पल मुझे पूरी तरह से समझ नहीं आया कि क्या हो रहा है. मुझे बस इतना पता था कि वे मुझे पीट रहे थे. बाद में, मैंने देखा कि मेरे शरीर के कई हिस्सों पर चोट के निशान थे.ह्व



महिला ने कहा कि जब पुलिस उसे पीट रही थी और परेशान कर रही थी, तो उसे ह्यमहिला, जीवन और आजादी' आंदोलन की याद आई. यह आंदोलन सितंबर 2022 में शुरू हुआ था, जब नैतिकता पुलिस की हिरासत में 22 वर्षीय महसा अमीनी की मौत हो गई थी. उसे कथित रूप से ठीक से हिजाब न पहनने के लिए गिरफ्तार किया गया था.

**महसा अमीनी की मौत के बाद शुरू हुए थे प्रदर्शन**

अमीनी की मौत के दो महीने बाद नवंबर 2022 में पूरे ईरान में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे. ह्यमहिला, जीवन और आजादी' इन प्रदर्शनों का मुख्य नारा बनकर उभरा था. ये प्रदर्शन ईरान के इतिहास में अब तक हुए सबसे बड़े प्रदर्शनों में से एक थे. हजारों लोग महिला अधिकारों के समर्थन में देश की सड़कों पर उतर आए थे. इसके बाद ही ईरान की सत्ता ने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करने और सजा देने का व्यापक अभियान चलाया. संयुक्त राष्ट्र की एक फैक्ट फाइंडिंग टीम के अनुमान के मुताबिक इस दौरान 551 प्रदर्शनकारी मारे गए थे.

उस महिला ने बताया, "मुझे महसा अमीनी और अन्य महिलाओं की याद आई, जिन्होंने जीवन और आजादी के लिए प्रदर्शन के दौरान कुबार्नी दी. मैंने खुद से कहा कि मुझे मजबूत बनना होगा. मैं जोर से चिल्लाई कि मैं क्या पहनूंगी यह मैं खुद तय करूंगी. जैसे ही मैंने यह बात कही उन्होंने मेरे साथ हिंसा शुरू कर दी. महिला अधिकारियों ने मुझे वेश्या कहा. उन्होंने मुझे कहा कि जब तक मैं ईरान में रहूंगी मुझे देश के इस्लामिक कानूनों का पालन करना होगामहिला ने आगे बताया कि उसे पुलिस हिरासत में लिया गया, जहां कम से कम पांच अन्य महिलाएं मौजूद थीं जिन्हें सिर पर स्कार्फ नहीं पहनने के कारण हिरासत में लिया गया था. कई घंटों के बाद उसे रिहा कर दिया गया, लेकिन इस्लामिक ड्रेस कोड का पालन करने के लिए एक पत्र पर हस्ताक्षर करने को मजबूर किया गया. साथ ही, उस महिला को आगे की कानूनी कार्रवाई का भी सामना करना पड़ सकता है.।